उज्जैन
शनिवार
27
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-55
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



केबीसी के सेट पर रो पड़ीं अनन्या पांडे अमिताभ बच्चन से अपनी एक्टिंग की तारीफ सुन इमोशनल हुईं एक्ट्रेस बोलीं- जीवन का बड़ा पल

पेज- 8

### 31 दिसंबर को फाइनल ड्राफ्ट आएगा, पहले 11 राज्यों से 3.69 करोड़ नाम हटे थे

# यूपी में एसआईआर से 2.89 करोड़ वोटर्स के नाम कटे

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

यूपी में एसआईआर का काम पूरा हो गया। इसमें प्रदेश में 2.89 करोड़ वोटर्स के नाम कट गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- एसआईआर से पहले यूपी में 15 करोड़ 44 लाख मतदाता थे। प्रदेश के फाइनल आंकड़े और वोटर्स की ड्राफ्ट लिस्ट 31 दिसंबर को जारी की जाएगी।



26 दिसंबर तक के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 2.89 करोड़ मतदाता कम हुए। इनमें 1.26 करोड़ वोटर्स ऐसे हैं, जो यूपी से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं। 45.95 लाख वोटर्स की मौत हो चुकी है। 23.32 लाख डुप्लीकेट हैं। 84.20 लाख लापता हैं। 9.37 लाख ने फॉर्म जमा नहीं किया है।

इससे पहले, 11 दिसंबर को यूपी में निर्वाचन आयोग ने बताया था कि प्रदेश में 2.91 करोड़ मतदाता के नाम कटे हैं। यानी, 15 दिन की समय अवधि बढ़ाने के बावजूद सिर्फ 2 लाख मतदाता बढ़े हैं।

### 11 राज्यों की रक्फ्रड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम कटे

यूपी से पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आ चुकी है। इनमें 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं। मध्यप्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख वोटर्स, पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, लक्षद्वीप में 1,616, तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यूपी में निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का टाइम बढ़ाने की मांग चुनाव आयोग से की थी। भाजपा भी रक्फ्रके लिए और वक्त चाहती थी। हालांकि, आयोग ने तीसरी बार रक्फ्रकी अंतिम डेट नहीं बढ़ाई। प्रदेश में एसआईआर के पहले चरण में गणना पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी। इसे 7 दिन बढ़ाकर 11 दिसंबर और फिर 15 दिन बढ़ाकर 26 दिसंबर किया गया था।

## शशि थरूर बोले- प्रधानमंत्री का हारना भारत के हारने जैसा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि विदेश नीति भाजपा या कांग्रेस की नहीं, भारत की होती है। अगर राजनीति में कोई प्रधानमंत्री की हार पर खुश होता है, तो वह भारत की हार की खुशी मना रहा होता है। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों को याद करते हुए कहा, अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा? थरूर ने ने कहा कि भारत को पाकिस्तान से आने वाले सुरक्षा खतरों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। पाकिस्तान अपनी सैन्य रणनीति बदल रहा है। वह अब हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक और छिपकर हमला करने की नीति पर जोर दे रहा है।



## पाकिस्तान में खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा- कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल लॉ जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है।

## केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना, तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन से वीवी राजेश चुने गए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के पी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा का कब्जा था।



## ब्राजील के सांता मारिया स्कूल में भीषण आग, कई किलोमीटर दूर तक दिखा धुएं का गुबार

**ब्राजील।** ब्राजील के रियो ग्रांडे दो सुल राज्य के सांता मारिया शहर में स्थित सांता मारिया नामक 120 साल पुराने निजी स्कूल में भीषण आग लग गई। आग शाम करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच शुरू हुई, जो ऊपरी मंजिलों से शुरू होकर तेजी से फैल गई। आग की लपटें और घना धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और देर रात तक आग पर काबू पा लिया गया, हालांकि कुछ छोटे-मोटे हिस्से अभी भी सुलग रहे थे। क्रिसमस की छुट्टियों के कारण स्कूल पूरी तरह खाली था, इसलिए कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। आसपास की सड़कें बंद कर दी गईं और कुछ इमारतों को सावधानी के तौर पर खाली कराया गया।

### दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

# 6 किलो गांजा 2.30 लाख रुपए जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है।

डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश (बीसी) भी पुलिस के शिकंजे में आए। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।



इसके साथ ही 12,258 क्वार्टर अवैध शराब, 6.01 किलो गांजा और 2,30,990 नगद जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि 310 मोबाइल फोन, 231 दोपहिया वाहन और एक चारपहिया वाहन भी बरामद हुए हैं।

डीसीपी ने कहा कि अभियान के दौरान कुल 1,306 लोगों को रोककर पूछताछ की गई ताकि आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

### पहलगाम और दिल्ली आतंकी जांच की शाह ने की तारीफ

## संगठित अपराध पर 360 डिग्री हमले का ऐलान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के दो दिवसीय आतंकवाद निरोधक सम्मेलन के मंच से शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ सरकार की रणनीति को बेहद स्पष्ट शब्दों में रखा। उन्होंने कहा कि देश अब केवल प्रतिक्रिया देने की नीति पर नहीं, बल्कि सटीक खुफिया जानकारी, तकनीक और समन्वित कार्रवाई के आधार पर निर्णायक प्रहार की दिशा में आगे बढ़ चुका है। शाह ने यह भी ऐलान किया कि केंद्र सरकार संगठित अपराध के खिलाफ 360 डिग्री हमला करने की व्यापक योजना पर काम कर रही है, ताकि अपराध और आतंक के गठजोड़ को जड़ से समाप्त किया जा सके।



गृह मंत्री ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूर्ण और सफल जांच को अंजाम दिया है। उन्होंने इसे केवल एक केस नहीं, बल्कि आने वाले समय में दुनिया भर की जांच एजेंसियों के लिए अध्ययन का विषय बताया। शाह के अनुसार इस जांच के निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने का काम करेंगे।

## किसी से छिपी नहीं है उज्जैन जिले में भी सरकारी स्कूलों की हालत

### इस साल विद्यार्थियों की संख्या कम दर्ज हुई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सरकारी स्कूलों की हालत किसी से छिपी नहीं है। किस तरीके से स्कूलों के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। हालांकि एक हकीकत यह है कि प्रदेश के गरीब परिवारों के बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं, लेकिन, स्कूलों के आंकड़े कुछ अच्छे नहीं हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में एक जानकारी एकत्रित की गई है, जिसमें दिसंबर तक डाटा सामने आया है।

इसके अनुसार पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी केवल एक साल में सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या बीते साल से 7.44 लाख कम रही। इतने बच्चे कहां गए, स्कूल के पास इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। यदि बीते साल का आंकड़ा भी इसमें जोड़ लें तो यह संख्या करीब 14 लाख पार कर जाएगी। सत्र 2026-27 से पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी करीब पांच हजार सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। इसका कारण यह है कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या काफी कम है। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को एक किलोमीटर के दायरे में नजदीकी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा और शिक्षकों को दूरस्थ स्कूलों में भेजा जाएगा। वहीं प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले साल के मुकाबले इस साल करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों की संख्या कम दर्ज हुई है। यही नहीं, हर साल विद्यार्थियों की संख्या कम होती जा रही है।

हाल यह है कि मप्र के 55 जिलों में इस साल साढ़े तीन हजार सरकारी स्कूलों से अधिक में एक भी बच्चे ने प्रवेश नहीं लिया है। वहीं 6500 से ज्यादा स्कूल ऐसे हैं, जिनमें बच्चों का एडमिशन दहाई का अंक भी नहीं छू सका है। जब अधिकारी निरीक्षण करने जाते हैं तो उन्हें ही बताया जाता है कि इतने ही बच्चे हैं। अब इसको रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों ने हेड मास्टर और शिक्षकों को कहा है कि वे स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के नाम की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। इस मामले में विभागीय मंत्री उदय प्रताप सिंह का कहना है कि ड्रापआउट के कारण जानने के लिए लगातार हम प्रयास कर रहे हैं और सुधार भी हो रहा है।

## दारू पार्टी में 50 रुपए के लिए बॉडीबिल्डर की हत्या



ब्रह्मास्त्र ›› गोरखपुर

गोरखपुर के बॉडी बिल्डर विशाल (26) की हत्या उसकी गर्लफ्रेंड ने नहीं करवाई थी। 24 दिसंबर की रात ये मर्डर दारू पार्टी के दौरान सिर्फ 50 रुपए के झगड़े में किया गया।

विशाल के 4 दोस्तों ने उसका सिर मिट्टी में धंसा दिया। वह दम घुटने से तड़पता रहा, मगर दोस्तों ने तरस नहीं खाया। 2 मिनट के बाद उसकी सांस टूट गई। इसके बाद हत्यारे करीब 35 मिनट तक क्राइम स्पॉट पर ही रहे।

नशे में होने की वजह से उन्हें समझ नहीं आ रहा था, फिर 2 दोस्त सहजनवां रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और ट्रेन पकड़कर गोरखपुर से भाग निकले। जबकि, बाकी 2 आरोपियों की लोकेशन तलाशने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है।



## खबर एक नजर...

### उज्जैन के संतोषी माता मंदिर में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**उज्जैन।** संतोषी माता मंदिर में 173 बिना खटाई के व्यंजन का भोग लगाया गया। आरती के बाद गोल्डन बुक की टीम ने काउंटिंग कर संतोषी माता मंदिर के नाम पर रिकॉर्ड दर्ज होने की घोषणा की। जिसके बाद आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। सुबह से 156 भोग लगाने की बात थी लेकिन शाम होते होते बिना खटाई के 173 व्यंजनों का भोग संतोषी माता मंदिर में लगाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पुरी गोस्वामी ने बताया कि संतोषी माता को प्रसन्न करने के लिए खटाई रहित भोग अर्पित करने की परंपरा है। हालांकि, यह पहली बार है। जब इतनी बड़ी संख्या में 156 व्यंजन तैयार कर माता को अर्पित किए गए। शाम को आरती के समय महाभोग शुद्धता, श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ चढ़ाया गया। इसके बाद भोज महाप्रसादी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण पहुंचे। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित 84 महादेवों में से एक प्राचीन श्री अगस्त्येश्वर महादेव को भी महाभोग अर्पित किया गया। संतोषी माता और श्री अगस्त्येश्वर महादेव का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### गंदगी व पॉलीथिन पर 33 हजार से अधिक का जुर्माना

**उज्जैन।** शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को सभी जोन में अभियान चलाकर 33 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य विभाग अमले ने गंदगी करते पाए जाने पर 19 हजार रुपए, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 8 हजार रुपए और भवन निर्माण सामग्री सड़क पर रखने पर 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। यह कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों और दरोगाओं की उपस्थिति में की गई। निगम ने नागरिकों से स्वच्छता नियमों का पालन करने की अपील की है।

### अजमेर उर्स मेला अवसर पर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**उज्जैन।** अजमेर उर्स मेला-2025 के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 07730 अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन संख्या 07730 अजमेर-हैदराबाद उर्स स्पेशल 28 दिसंबर (रविवार) को अजमेर से 10.25 बजे प्रस्थान करेगी और रतलाम मंडल के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जंक्शन (14:00 बजे आगमन व 14:05 बजे प्रस्थान), नीमच (14:49 बजे आगमन व 14:51 बजे प्रस्थान), मंदसौर (15:29 बजे आगमन व 15:31 बजे प्रस्थान), रतलाम जंक्शन (17:30 बजे आगमन व 17:40 बजे प्रस्थान) एवं उज्जैन (19:25 बजे आगमन व 19:30 बजे प्रस्थान) स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सोमवार को 23.30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।

### काचीगुड़ा-भगत की कोठी बड़नगर स्टेशन रुकेगी

**उज्जैन।** बड़नगर क्षेत्र के लिए रेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक उपलब्धि जुड़ गई है। सांसद अनिल फिरोजिया ने बताया कि बड़नगर रेलवे स्टेशन पर 17605/17606 काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस के प्रायोगिक ठहराव को स्वीकृति प्रदान की गई है। रेल मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह ठहराव प्रायोगिक आधार पर शुरू किया जाएगा, जिससे बड़नगर और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को सीधी और सुलभ रेल सुविधा उपलब्ध होगी। यह रेल सेवा दक्षिण भारत को राजस्थान से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण ट्रेन है।

---

**लैंड पुलिंग योजना निरस्त पर किसान संघ एवं कृषक संघर्ष समिति ने किया आयोजन**

# किसान की ताकत रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए कोई फर्क नहीं- कुलकर्णी

**किसान संघ के सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में संगठन शक्ति पर वक्ताओं ने दिया जोर**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

किसान संघ का यह दृढ़ विश्वास है कि जब इस प्रकार की किसान की ताकत खड़ी रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए उससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। यह बात भारतीय किसान संघ एवं किसान संघर्ष समिति के किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दौरान किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने उपस्थित किसान भाईयों एवं माता,बहनों के सम्मुख कही। कार्यक्रम को राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि हम बार बार झबार आवाज नहीं उठाएंगे बल्कि ऐसी स्थिति पैदा कर देंगे कि सरकार आपके पास आकर पूछेगी।

शुक्रवार सुबह आशीर्वाद गार्डन अंकपात मार्ग इंदिरा नगर में किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की शुरूआत प्रातः भजन कीर्तन के साथ हुई। जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह टकरावदा ने बताया कि सुबह के समय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत दोपहर में भूमिपूजन ,राष्ट्रमाता भारत माता का पूजन पूरे जोश के साथ किया गया। स्थल पर किसानों ने कृषि देव भगवान बलराम का पूजन किया। इसके उपरांत सम्मेलन के मुख्य सत्र में सभा का आयोजन किया गया। सभा के उपरांत किसान संघर्ष समिति के कृषक एवं अभिभाषक आशुतोष उपाध्याय ने आभार माना। सभा एवं कार्यक्रम में सैंकडों की संख्या में सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांव सहित जिले भर से माता,बहनों ने सैंकडों की संख्या में भाग लिया। इनके साथ ही बडी संख्या में कृषक शामिल हुए । कार्यक्रम उपरांत भोजन प्रसादी सभी ने ग्रहण की।




### सरकार आकर पूछेगा-मिश्र

किसान संघ के ओजस्वी एवं क्रांतिकारी राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने सोचा किसानों का बात माने तो किसान का बात मानने से नहीं चलेगा। किसान को साथ देना पड़ेगा। अभी वक्ता जी बोल रहे थे कि किसान को बार-बार आवाज उठाना पड़ेगा। ऐसा आवाज नहीं उठाएंगे। ऐसे परिस्थितियां खड़ा करेंगे। सरकार कुछ सोचने के पहले किसान से संवाद करेगा । किसान से पूछेगा पहले। तब कोई निर्णय लेगा। सरकार अत्याचार करेगा, किसान आंदोलन करेगा यह स्थिति नहीं, अगर 17 गांव का 1800 किसान एक साथ आ सकते हैं तो देश भर में अगर 1 लाख गांव में किसान संघ खड़ी है। सारे किसान एक आवाज में उठाएंगे तो सरकार आपके पास आएगा पूछेगा आपको ये स्थिति को कहां तक लेना है हमको । इसीलिए भारतीय किसान संघ तो है ही हम जानते हैं। किसान संघ देश का नहीं दुनिया का सबसे बड़ा संगठन आज भी है और बड़ा करना है। ताकत इतना करो कि शासन हो, प्रशासन हो, बाकी जो लोग हो जो किसान को कैसे लूटेंगे ऐसा सोच रहे हैं वो चिंतित हो जाए।

**ये थे मंच पर -** कार्यक्रम में मंच पर भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, अभा कार्यकारणी सदस्य गिरिजा ठाकुर,प्रदेशाध्यक्ष कमलसिंह आंजना, संभाग प्रमुख इंदौर चंदा शर्मा,क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी,संगठन मंत्री मालवा प्रांत अतुल माहेश्वरी, सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, प्रांत मंत्री रमेश दांगी, उज्जैन जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह टकरावदा,तोलाराम पटेल खिलचीपुर उपस्थित थे।

**ये बोले अतिथि-** कमलसिंह आंजना प्रदेशाध्यक्ष ने अपने संबोधन में लैंड पुलिंग योजना के निरस्त करवाने के दौरान किसानों की संघर्ष गाथा को सभी के सामने रखते हुए बताया कि इस संपूर्ण संघर्ष में मातृ शक्ति हमारे साथ रही। कंधे से कंधा मिलाकर सामने रही। हमारी माता,बहनों ने कहा ह्लडरवा नि जरवत कोनी हम तमारा हाते आवांगाह्व किसानों के आंदोलन के आगे सरकार को झूकना पडा। हमारे वकीलों ने इतनी मेहनत की की कई बार तो उन्हें नहाने का समय ही नहीं मिला। एक बार तो तीन दिन तक नहीं नहाए,दिल्ली के वकीलों को बुला लिया। बारिकी से बारिकी कानूनी जानकारी निकाल ली। इस संघर्ष के दौरान पहली बार हमने घेरा डालो डेरा डालों की घोषणा की तो कुछ दिनों बाद हमें 17 नवंबर को सरकार ने बुलाया और योजना निरस्त आदेश पर समझौता हुआ,लेकिन दो दिन बाद उसके उलट संशोधन जारी किया गया। इस पर हमने आपत्ति ली और दो बार चेतावनी प्रदेश की सरकार को दी। इसके बाद भी सरकार ने हमें नजरअंदाज किया तो अंततः हमने प्रांत की बैठक बुलाकर घेरा डालो डेरा डालो की घोषणा कर दी । प्रांत के किसान हमारे साथ थे। संगठन की शक्ति के साथ किसानों के संघर्ष की जीत हुई और आदेश जारी हुआ।
क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने संगठनात्मक सुझाव रखते हुए कहा कि कलयुग में संगठन ही शक्ति है। हमें आगे और भी लडना पड सकता है ऐसे में हमें संगठन को और अधिक मजबूत और विस्तृत बनाना होगा।

### किसी से हमें कोई फर्क पडने वाला नहीं-कुलकर्णी

राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने अपने अहम उद्बोधन में कहा कि यह जो लैंड पुलिंग होने वाली थी उसको तो हमने निरस्त कर दिया। किंतु मेरे भाइयों, मेरी बहनों, मेरी माताओं आने वाले दिनों में ऐसे अनेक प्रकार के विषय आने वाले हैं कि जिस समय हमको अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा। जिस संदर्भ में हमारे महामंत्री जी ने अभी अपने सामने रखा है कि केवल अपने यहां का विषय नहीं है तो पूरे देश भर में और दुनिया में भी इस प्रकार से किसानों के ऊपर जो संकट आने वाले हैं उन सबके लिए हमको एकजुट होकर अपनी ताकत को बना के रखना पड़ेगा। इस प्रकार से जब तक हमारी ताकत नहीं बनेगी तब तक हमारा काम नहीं होगा। और यही विचार किसान संघ ने शुरू से रखा है। किसान संघ एक संपूर्ण रूप से गैर राजनीतिक संगठन है। किसान संघ यह किसानों के लिए किसानों के द्वारा चलाए जाने वाला और किसानों का संगठन है। इस प्रकार का संगठन यह केवल किसान की और देश हित की ही बात करता है और किसान संघ का यह दृढ़ विश्वास है कि जब इस प्रकार की किसान की ताकत खड़ी रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए उससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। श्रद्धेय दत्तोप ठगड़ी जी कहा करते थे कि इस देश का प्रधानमंत्री अगर कोई नक्सली भी हो जाएगा तो भी हमको कोई ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जब इस देश का समाज इस देश का किसान एक संगठित रूप में खड़ा हो जाएगा तो उससे जो चाहे वो हम अपने देश हित का और किसान हित का काम करवा लेंगे।

---

# नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट मंदिरों और पार्टियों में सतर्कता बरते-एडीजी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन और आसपास के संभाग के जिलों में नव वर्ष पर होने वाली भीड़ को देखते हुए, नववर्ष को लेकर एडीजी व डीआईजी ने सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उज्जैन जोन के अउद्ध उमेश जोगा तथा उक्च्च नवनीत भसीन द्वारा उज्जैन रेंज के जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर एवं आगर मालवा की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गई।

आगामी नववर्ष 2026 के अवसर पर मंदिरों, पिकनिक स्पॉट, बाजार मॉल पार्क आदि भीड़भाड़ वाली जगह पर सतर्कता बरतने और शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अउद्ध ने जिले के सभी एसपी को निर्देशित कर सतर्क रहने के निर्देश दिए है। अउद्ध उमेश जोगा ने खासकर लेट नाइट पार्टी , नव वर्ष पर मंदिरों में लगने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए है।

- संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत एवं सघन पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार फिक्स पिकेट/प्वाइंट लगाए जाएं।



- सार्वजनिक स्थलों जैसे होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट, ढाबा, बाजार, पार्क, मॉल एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस की प्रभावी तैनाती की जाए।
- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, मॉल एवं बाजार क्षेत्रों में एंटी-सैबोटाज चेकिंग कराई जाए।
- यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए तथा नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से सघन जांच की जाए।
- नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने एवं अन्य अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखते हुए साक्ष्य अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। नदी, डैम एवं जलाशयों के समीप स्थित पिकनिक स्थलों पर मोटर बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- छात्रावासों में जाकर संबंधित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नववर्ष के अवसर पर सुरक्षा, अनुशासन एवं कानून पालन के संबंध में आवश्यक समझाइश एवं मार्गदर्शन दिया जाए।
- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके और किसी परिवार को शोकग्रस्त न होना पड़े।
- किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई की जाए।
- नववर्ष के आयोजनों के दौरान ध्वनि प्रदूषण न हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए।

---

# महंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी

### सोशल मीडिया पर लिखा- अल्लाह से मिलवाएंगे, एक महीने में तुम्हारी जिंदगी खत्म

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पंचदशनाम जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार उनके सोशल मीडिया (वॉट्सएप) पर किसी अज्ञात ने धमकी देकर मुसलमानों के खिलाफ बोलने और हिन्दू धर्म का प्रचार करने के आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। संत ने पुलिस और साइबर में शिकायत दर्ज करवा कर सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कार्रवाई का आग्रह किया है।

वाराणसी हनुमान घाट श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े से संबंध रखने वाले तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर जूना अखाड़े के महंत मोहन भारती के मोबाइल पर 24 दिसंबर शाम करीब चार बजे +8210 57626586 नंबर से धमकी भरे मैसेज आए। मैसेज में मुसलमानों के खिलाफ बोलने और शिवरात्रि के कार्यक्रम को लेकर धमकी दी गई है।

'मोहन भारती तुम कितने बड़े बाबा हो हिन्दुओं के, तुम जब से जूना अखाड़े के अध्यक्ष बने हो मुसलमानों के लिए बहुत उल्टा-सीधा बोलते हो। हमें पता है तुम आरएसएस बीजेपी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिट्ठू हो, उनके कहने से तुम सब यह कर रहे हो। तुम जब से मध्य प्रदेश उज्जैन क्षेत्र में आए हो, बहुत बोलते हो, हमारी बिरादरी के बारे में तुमने, हमारे बारे में बोलकर अपनी मौत को दावत दी है।

एक महीने के अंदर तुम्हारी मौत निश्चित है। तुम जहां भी रहोगे, ढूंढकर मौत के घाट उतार दिए जाओगे। देखते हैं तुम्हें कौन बचाएगा। तुम जितना बच सकते हो बच लो। तुम्हारी जिंदगी का अब अंत आ चुका है, तुमने बहुत बोल लिया। मुसलमान के खिलाफ अब तुम्हारी बोलती बंद करके ही रहेंगे और तुम यह जो शिवरात्रि का प्रोग्राम तराना में हिंदू एकता दिखाने के लिए कर रहे हो, इसको कैंसिल कर दो। वर्ना यह प्रोग्राम देखने लायक नहीं बचोगे। उत्तर प्रदेश के रामपुर में भी तुम जा कर बहुत बोलते हो, बहुत बड़े हिन्दूवादी बाबा बनते हो, अपनी बहुत हेकड़ी दिखाते हो, रामपुर भी जाना छोड़ दो तो अच्छा रहेगा। तुम भगवान से बहुत मिल लिए, नीचे रहकर अब ऊपर तुम्हें अल्लाह से मिलवाएंगे।

उज्जैन
शनिवार
27
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

एकेनापि सुपुत्रेण विद्यायुक्ते च साधुना।
आह्लादितं कुलं सर्वं यथा चन्द्रेण शर्वरी॥

**अर्थ:** जिस प्रकार अकेला चन्द्रमा रात की शोभा बढ़ा देता है, ठीक उसी प्रकार एक ही विद्वान -सज्जन पुत्र कुल को आह्लादित करता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पीएम मुद्रा योजना के नाम पर धोखाधड़ी

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर एक बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने आरओ प्लांट के लिए दिए गए दस्तावेजों का दुरुपयोग कर कारोबारी से लाखों रुपए ऐंठ लिए। मामला क्राइम ब्रांच तक पहुंचने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की गई है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, पीड़ित लोकेन्द्र सिंह तोमर, जो आरओ प्लांट से जुड़ा व्यवसाय करते हैं, ने 24 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कॉल करने वाले आरोपी और बैंक खाते के धारक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। लोकेन्द्र तोमर का एसबीआई में खाता है। उन्होंने पीएम मुद्रा योजना के तहत पानी के प्लांट के लिए गुरुकृपा आरओ वाटर के नाम से पीएनबी बैंक में लोन से जुड़े दस्तावेज जमा किए थे। 4 दिसंबर को पंकज भदौरिया नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को पीएम मुद्रा लोन विभाग का कर्मचारी बताया और दस्तावेज व्हाट्सएप पर मंगवा लिए। अगले दिन आरोपी ने जियो पेमेंट बैंक की एक लिंक भेजकर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 8,800 रुपए जमा कराए। इसके बाद कभी चार्ज, कभी टैक्स, कभी फाइल क्लियरेंस के बहाने अलग-अलग मदों में लगातार रकम मांगी जाती रही। पीड़ित से 6 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच करीब 18 बार ट्रांजैक्शन कराए गए। यह रकम लोकेन्द्र और उनकी पत्नी के खाते समेत अलग-अलग खातों से ट्रांसफर कराई गई। कुल मिलाकर ठगों ने 5 लाख 18 हजार रुपए से अधिक की राशि ऐंठ ली।

### पत्नी की पेट पर लात मारी पीटा:अस्पताल में तोड़ा दम

**इंदौर।** इंदौर के जस्सा कराड़िया इलाके में शुक्रवार रात एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। महिला की मौत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पति से पूछताछ कर रही है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, घटना एमआर-10 के पास जस्सा कराड़िया ईंट-भट्टे की है। यहां सोनम भील (24) को एम्बुलेंस गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने उसके पति सचिन को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, दंपती टीकमगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दोनों कुछ साल पहले ही काम के लिए इंदौर आए थे। आठ दिन पहले सोनम ने एक बेटी को जन्म दिया था। रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पति सचिन ने उसके पेट पर लात मारी और पीटा भी। इसके बाद वह बेसुध हो गई। उसे एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दंपती का एक दो साल का बच्चा भी है। उनके परिवार के लोग भी ईंट-भट्टे पर ही रहते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है।

### अप्रैल से बिजली 10% महंगी हो सकती है, मार्च में होगा फैसला

**इंदौर।** नए वित्तीय वर्ष में अप्रैल से बिजली की दाम 10 प्रतिशत बढ़ सकते हैं। पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की बिजली दरों के लिए प्रस्ताव बनाकर पॉवर मैनेजमेंट कंपनी को भेज दिया है। प्रस्ताव स्वीकार होने के बाद आयोग मार्च में इंदौर, भोपाल और जबलपुर में जनसुनवाई करेगा। तीनों कंपनी की ओर से दायर की गई अर्जी स्वीकार होने के बाद आम जनता से दावे-आपत्तियां बुलाई जाएंगी। आयोग हर आपत्ति की सुनवाई करेगा। इसके बाद नए वित्तीय वर्ष के लिए दरें जारी की जाएंगी। 1 अप्रैल से नई दरें प्रभावी होंगी। हालांकि अब तक का ट्रेंड बताता है कि आयोग ने कभी भी कंपनियों की मांग के अनुरूप पूरी बढ़ोतरी मंजूर नहीं की है। आमतौर पर 6 से 7% के बीच ही बिजली महंगी की जाती रही है। इतनी वृद्धि होने पर घरेलू उपभोक्ताओं के बिल में औसतन 20 से 25 रुपए प्रतिमाह का भार पड़ता है।

### फेफड़े का 40% खराब हिस्सा निकाला, नई जिंदगी मिली तो नाचते-गाते वापस अपने देश लौटीं

# इंदौर के डॉक्टरों ने बचाई उज्बेकिस्तान की महिला की जान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

उज्बेकिस्तान की एक 70 वर्षीय महिला डेढ़ साल से सांस लेने की तकलीफ से गुजर रही थी। स्थिति काफी नाजुक थी। वहां एडवांस सर्जरी की व्यवस्था नहीं होने के चलते उन्हें इंदौर भेजा गया। यहां हाल ही में उनकी सर्जरी हुई। यह सर्जरी काफी जटिल थी और 5 घंटे तक चली।

डॉक्टरों ने ट्यूमर को फेफड़े सहित पहले बाहर निकाला। फिर उसमें से ट्यूमर और फेफड़े का 40% खराब हिस्सा अलग कर 60% स्वस्थ फेफड़ा फिर से सांस की नली से जोड़ दिया। सर्जरी के बाद तेजी से रिकवरी होने लगी। छह दिन बाद बुजुर्ग विदेशी महिला डिस्चार्ज होकर हॉस्पिटल से नाचते-गाते अपने देश रवाना हो गई।

दरअसल, अल्ला सिमरोनोवा को उज्बेकिस्तान के टिब्ब हेल्थ केयर एंड नेफ्रो मेडिकेयर के डायरेक्टर डॉ. फरीद खान (नेफ्रोलॉजिस्ट) ने इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल में रेफर किया था। इसके लिए वहां के लोकल को-ऑर्डिनेटर परवेज खान ने भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मेडिकल वीजा सहित अन्य दस्तावेजी प्रक्रिया कराई और उन्हें लेकर इंदौर आ गए।



#### लेप्रोस्कोपिक जांच में पता चली घातकता

इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि लेप्रोस्कोपिक जांच में पता चला कि उनके बाएं फेफड़े में बड़ा ट्यूमर था। यह ऐसा ट्यूमर था, जो तेजी से बढ़ रहा था। इस तरह के ट्यूमर को सर्जरी कर निकालना ही पर्याप्त नहीं होता। इसके लिए उसका एक-एक अंश निकालना पड़ता है, नहीं तो यह फिर से विकसित हो जाता है। इस महिला को टिपिकल तरह का ट्यूमर था। इससे एक फेफड़े की सांस की नली बंद हो गई थी, जिससे उन्हें सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। यह सबसे क्रिटिकल रेस्पिरेटरी कंडीशन थी, जिसमें तुरंत ऑपरेट करना जरूरी था। महिला की सहमति के बाद 18 दिसंबर को सर्जरी की गई।

हार्ट और फेफड़े आपस में कनेक्ट रहते हैं, इसलिए एक छोटी सी नस से भी ब्लीडिंग होने का जोखिम रहता है। हमने सर्जरी काफी सावधानी से की और ब्लीडिंग को कंट्रोल किया। इससे ब्लीडिंग काफी कम हुई।

मिनिमल इन्वेसिव जीआईएल लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संदीप राठौर ने बताया कि सर्जरी पांच घंटे चली। ऐसी सर्जरी में ब्लीडिंग ज्यादा होती है, जिससे स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। चैलेंज यह था कि फेफड़ा ट्यूमर के साथ निकालना था और फिर पूरे ट्यूमर को अलग करना था। इसके आसपास मौजूद लिम्फ नोड, जिन्हें ड्रेनेज या गठानें कहा जाता है, उन्हें भी निकालना जरूरी था। साथ ही फेफड़े का ज्यादा से ज्यादा हिस्सा बचाना भी चुनौती थी। दरअसल, यह पेशेंट की पोस्ट-ऑप रिकवरी के लिए बेहतर होता है। इसके लिए पहले पूरे ट्यूमर को ब्रोंकाई के साथ निकाला गया। फिर बचे हुए आधे फेफड़े को दोबारा अंदर फेफड़े से कनेक्ट किया गया। कुल मिलाकर पहले ट्यूमर के साथ पूरे फेफ-ड़े को निकाला गया और फिर उसे जोड़ा गया। अगर सर्जरी नहीं की जाती तो ट्यूमर तेजी से फैलता। ऐसे में अगर ट्यूमर शरीर के अंदर दूसरे ऑर्गन्स के पास मूव करता, तो मरीज की जान का खतरा और बढ़ जाता।

### महू के आर्मी क्षेत्र में फटा बम

# 15 साल के बच्चे की मौत

## भेड़ भी मरी, आर्मी क्षेत्र में गई भेड़ वापस लाने गया था

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के पास महू के आर्मी क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक हादसा हो गया। यहां पर भेड़ चराने के दौरान अचानक जमीन में धंसा बम फट गया।

हादसे में एक 15 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। पहले उसे महू के अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद एमवाय भेजा गया। यहां उसकी मौत हो गई। बच्चा और उसका परिवार पीथमपुर इलाके में डेरे में रहता है।

महू आर्मी क्षेत्र में करीब 5 बजे अंबाराम मैना और उसका 15 साल का बेटा अनिल भेड चरा रहा था। भेड़ चरते हुए आर्मी एरिये में चली गई। इसके पीछे अनिल भी चले गया। तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। इसमें अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में एक दर्जन भेड़ें भी मर गईं।



धमाके के बाद आर्मी के जवान मौके पर पहुंचे। अनिल को महू के सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे एमवाय रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान अनिल की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

**राजस्थान का रहने वाला है परिवार**

अनिल का परिवार मूल रूप से राजस्थान के पाली का रहने वाला है। वह प्रदेश में भेड़ बेचने आते हैं। अनिल के परिवार में उसके तीन छोटे भाई है। जो राजस्थान के पाली में ही रहते हैं। एडिशनल डीसीपी रूपेश द्विवेदी मामले की जानकारी जुटा रहे हैं।

## इंदौर में नाबालिग को थप्पड़ मारने पर युवक की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के आजाद नगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घायल अवस्था में उसके दोस्त उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

टीआई लोकेश भदौरिया के अनुसार, मृतक का नाम नीरज उर्फ निर्भय पुत्र मांगीलाल गंगराडे, निवासी हिम्मत नगर पालदा है। वह मजदूरी करता था। लाल पेट्रोल पंप के पास उस पर हमला किया गया। दोस्त उसे गंभीर हालत में रात करीब दो बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर डीसीपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी के मुताबिक, आजाद नगर निवासी नीरज गंगराडे की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें दो नाबालिग हैं। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले नीरज गंगराडे ने एक नाबालिग को थप्पड़ मार दिया था, जिससे वह नाराज था। रात में नीरज शराब के नशे में उसी नाबालिग को दिखाई दिया। इसके बाद उसने अपने अन्य नाबालिग साथी आर्यन उर्फ पृथ्वी उर्फ फुग्गा, पुत्र मुन्नालाल साकले, निवासी दुर्गा नगर और रोहित, पुत्र लालू चौहान को बुलाया। इसके बाद नाबालिग ने अपने साथियों के साथ मिलकर नीरज पर चाकू से हमला कर दिया। जब नीरज का दोस्त रितेश बघेल उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके सिर पर भी चाकू से वार कर दिया। नीरज को अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। वह मूल रूप से देवास का रहने वाला था। सभी आरोपी छोटी-मोटी मजदूरी और अन्य कामों से जुड़े हुए हैं।

## 1.25 करोड़ का प्रशिक्षण केंद्र बनाया, 5 साल में एक भी किसान को ट्रेनिंग नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जिले में रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए साल 2020 में नमकीन क्लस्टर स्थित रेशम केंद्र परिसर में ही 1.25 करोड़ रुपए की लागत से रेशम प्रशिक्षण केंद्र बनाया। यहां रेशम उत्पादन से जुड़े किसानों को प्रशिक्षित किया जाना था। 5 वर्षों में एक भी किसान को ट्रेनिंग नहीं दी गई। इस केंद्र के ताले ही नहीं खुले हैं।

किसानों को रेशम कीट पालन, उत्पादन, शहतूत के पौधे लगाने संबंधित प्रशिक्षण देने के लिए यह प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया था। यहां एक बार में 30 किसानों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। प्रशिक्षण के लिए लाखों रुपए खर्च कर प्रोजेक्टर, बर्तन, मेस, कुर्सियां, कंप्यूटर सेटअप, जनरेटर आदि तक खरीद लिए गए। हितग्राहियों के रुकने के लिए बेड भी लगा दिए गए। लेकिन ये यहां धूल खा रहे हैं। यशवंत सागर स्थित रेशम फैक्ट्री की 9 एकड़ जमीन राजस्व के पास चली गई और वहां गोशाला बन गई है। वहीं किशनगंज में मुख्य सड़क के पास 2.88 एकड़ जमीन भी अब स्वास्थ्य विभाग के पास है। वर्तमान में विभाग के पास धारनाका रेशम केंद्र की 4 और नमकीन क्लस्टर रेशम केंद्र की 3 एकड़ जमीन ही बची है।



#### होलकर काल में दक्षिण से इंदौर पहुंचा रेशम

दक्षिण से एक परिवार होलकर रियासत को रेशम की सप्लाई किया करता था। देवी अहिल्याबाई होलकर ने महेश्वर में भारतवर्ष से कुशल कारीगरों को बुलवाकर रेशम उद्योग की स्थापना की थी। इंदौर में रेशम वाली गली भी है। रेशम की रिसर्च और इसके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए महाराजा यशवंत राव होलकर ने काफी प्रयास किए थे। इनमें रेशम का उत्पादन, डाई करना, सुखाना आदि शामिल था। इसके लिए रियासत में एक अलग विभाग था।
-जफर अंसारी, इतिहासकार

## खबर एक नजर...

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर श्रध्दांजलि अर्पित

**उज्जैन।** महान अर्थशास्त्री भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंहजी की पुण्यतिथि पर जिला युवा कांग्रेस उज्जैन अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में महानंदा स्पोर्ट्स ऐरिना पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में अर्पित यादव द्वारा मनमोहन सिंहजी के जीवन पर वक्तव्य दिया। इस दौरान हिमांशु शुक्ल, योगेश दायमा, ब्लाक अध्यक्ष नाजिम कुरैशी, संजय कसुमरीया, रोहित लश्करी सहित बड़ी संख्या में मौजूद खिलाड़ियों, युवा कांग्रेसियों ने मनमोहनसिंहजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को स्मरण किया।

### कलश यात्रा के साथ 28 दिसंबर से प्रारंभ होगी संगीतमय श्रीराम कथा

उज्जैन। दमदमा में श्री राम कथा 28 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। कलश यात्रा केदारेश्वर महादेव मंदिर लक्ष्मी नगर से प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी।

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन के वार्ड क्रमांक 52 में दमदमा क्षेत्र में 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक भव्य राम कथा का आयोजन हो रहा है। नागरिक युवा मंच दमदमा एवं भागवत सत्संग समिति दमदमा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार रामकथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें पंडित दर्पण गोपाल शर्मा द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा। उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि रामकथा के मुख्य यजमान कमल विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्यामा शर्मा है। संगीतमय कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी। कथा में अधिक से अधिक धमार्लुजनों से शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध राजेंद्र वशिष्ठ संरक्षक, कैलाश मालवीय, राधेश्याम विश्वकर्मा, कलावती जादौन, प्रदीप सिंह जादौन, विजय परमार, संजय जादोन, रिंकी कौशल, संतोष कुशवाह, टीटू मालवीय, अजय गौर द्वारा की गई।

### कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत, श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**महिदपुर रोड।** नगर में सप्त दिव सीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभा रंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के सा थ हुआ सुबह राम मंदिर से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरूषों ने शामिल होकर अपनी श्रद्धा प्रकट की कलश यात्रा सहित भाग वत कथा वाचक पंडित सुनील कृष्ण व्यास व भागवत पोती का जगह-जगह विभिन्न समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया नगर में भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा भाग वत कथा वाचन स्थल , नगर के श्री राम मंदिर परिसर में पहुंची जहां भागवत कथा प्रवक्ता पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने प्रथम दिन की कथा में श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन किया श्री राम मंदिर परि सर में प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे के बीच 1 जनवरी गुरुवार तक श्री मद् भागवत कथा का वाचन होगा अंतिम दिन की कथा श्री कृष्ण सुदा मा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा के साथ संपन्न होगी

### अमर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजली अर्पित की

# श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ ने किया अमर शहीद उधम सिंहजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जलियांवाला बाग के नरसंहार का प्रतिशोध लेकर ब्रिटिश साम्राज्यवाद की जड़ों को हिला देने वाले महान क्रांतिकारी, अमर शहीद उधम सिंहजी की जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ, मध्यप्रदेश के नेतृत्व में उज्जैन के हृदय स्थल टावर चौक स्थित बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में आक्रोश, शौर्य और संकल्प से भरी भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्रीगुरू रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रदेश आई टी प्रभारी आत्माराम मेगवंशी ने बताया कि इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने अमर शहीद उधम सिंहजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर ‟उधम सिंह अमर रहें‟, ‟भारत माता की जय‟ और ‟अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा‟ जैसे गगनभेदी नारों के साथ क्रांतिकारी चेतना को जीवित किया।

वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद उधम सिंह जी का बलिदान केवल अतीत की गाथा नहीं, बल्कि आज भी हर अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध सीधी चुनौती है। कार्यक्रम में यह स्पष्ट आह्वान किया गया कि जो भी शक्तियाँ देश की एकता, संविधान, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के अधिकारों पर हमला कर रही हैं, उनके विरुद्ध उधम सिंह जी की क्रांतिकारी विचारधारा को हथियार बनाकर सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर श्री गुरू रविदास विश्वमहापिठ भारत एवं सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रभुलाल जाटवा, महापीठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद सुर्यवंशी, प्रदेश आई टी प्रभारी आत्माराम मेगवंशी, वरिष्ठ समाज सेवी राधेश्याम केरवाल, रामलाल समरावत, मंडोरजी, जय प्रकाश जुनवाल, भगवान दास गिरी, रामसिंग सोलंकी, रमेशचंद कलेसरिया, अजय राठौर, आत्माराम कंसल आदि ने अपने विचार रखते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनो ने संकल्प लिया कि अमर शहीद उधम सिंह जी के सपनों का भारत बनाने के लिए डर, समझौते और चुप्पी को त्याग कर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# बैरवा महासभा नगर ईकाई जिला इकाई की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

25 दिसंबर गुरुवार को अखिल भारतीय बैरवा महासभा नगर ईकाई जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) की 31 दिसम्बर ‟बैरवा दिवस‟ एवं महर्षि बालीनाथ महाराज महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी सुबह 6 बजे प्रति वर्ष अनुसार निकाली जाने हेतु ‟आवश्यक बैठक देसाई नगर आम्बापुरा कम्युनिटी हॉल परिसर में दोपहर 1 बजे नगर अध्यक्ष मोहनलाल गेहलोद की अध्यक्षता में विधिवत रूप से की गई।

बैठक में प्रस्ताव अनुसार प्रभात फेरी किशनपुरा स्थित संत श्री बालीनाथ महाराज देवालय से प्रारंभ होकर बागपुरा उद्यान बालीनाथ धाम को प्रस्थान कर महाआरती कर सम्पन्न होंगी। बैठक में महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने यह प्रस्ताव पर सहमति जताई। प्रारंभ में वर्ष -2024 प्रभात फेरी का आय-व्यय विवरण अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। जिन सहयोग कताओं ने सहयोग राशि दी गई उनका मणिक मालाओं व गुलदस्ते से हार्दिक स्वागत किया गया। बैठक में महासभा के निष्ठावान कार्यकर्ता श्री रुपेश लोदवाल - इन्दौर, श्री अशोक ललावत-देशाई नगर जो कि हमारे बीच नहीं रहे उन्हें दो मिनट मोन रह कर श्रद्धांजली दी गई। बैठक में महासभा के प्रभात फेरी के प्रभारी श्री जगदीश मरमट, डॉ. प्रभू लाल जाटवा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) डॉ हरिशंकर वट, श्री हुकमचंद गेहलोद, श्री हेमन्त ललावत, श्री शंकरलाल गोगडे, श्री राजकुमार बंशीवाल, श्री संतोष कोलवाल,श्री लालचंद ललावत, श्री मिश्रीलाल गोमे, श्री रामजी लोदवाल, श्री श्रीरामजी चावण्ड, श्री दीपक मरमट, श्री हंसराज बैण्ड वाल श्री मती प्रेमलता बैण्डवाल पू. पार्षद, श्री किशोर बागोरिया, श्री जगन्नाथ चावण्ड, श्री अम्बा लाल मरमट, श्री राजेन्द्र पेडवा, आदि की विशेष उपस्थिति रही।

### सारंगपुर में जिला मंत्री परमार का किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला राजगढ का जिला मंत्री बनाए जाने पर बुधवार को मनोहर सिंह परमार का सारंगपुर में पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता एवं कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुर्जर, नमन शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### इंफ्लुएंसर एवं फूड ब्लॉगर शिवम भार्गव राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**उज्जैन।** उज्जैन की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को डिजिटल माध्यमों से देश-विदेश तक पहुँचाने वाले युवा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं फूड ब्लॉगर शिवम भार्गव को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें वार्षिक अधिवेशन में राष्ट्रीय पुरस्कार शिखर मेमोरियल इनोवेशन अवार्ड दिल्ली (2019) से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भार्गव सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव, कोषाध्यक्ष विजय भार्गव, उपाध्यक्ष मोहित भार्गव, अजय भार्गव, डॉ. विवेक भार्गव ने शिवम भार्गव को चाँदी का मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मारिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिवम भार्गव पिछले 6 वर्षों से उज्जैन के विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थलों - महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, काल भैरव मंदिर, हरसिद्धि मंदिर सहित बाबा महाकाल की सवारी, हरिहर मिलन, नवरात्रि महोत्सव, गणेश उत्सव जैसे प्रमुख धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों का वीडियो, फोटो एवं रील के माध्यम से निःशुल्क प्रचार कर रहे हैं। उनके डिजिटल प्रयासों से उज्जैन की आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। अखिल भारतीय भार्गव अधिवेशन में उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# नागर ब्राह्मण समाज के राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में किया 180 प्रतिभाओं का सम्मान

### सास्कृतिक संध्या में दी सदाबहार गीतों की प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मप्र. राज्य स्तरीय प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति उज्जैन द्वारा आयोजित नागर ब्राह्मण समाज के राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 180 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन 24 दिसम्बर को अभिरूचि विकास मंच द्वारा नागर रत्न स्व. श्री विष्णुप्रसाद जी नागर की स्मृति में सास्कृतिक संध्या का आयोजन रखा गया। इसमे सांय 5 बजे से नागर डायनामिक ग्रुप्र द्वारा नागर समाज के गायको द्वारा दिनेश त्रिवेदी, विजय शर्मा, मुकेश शर्मा एवं मनोज नागर के संयोजन में सदाबहार गानो पर अपनी प्रस्तुति दी। संचालन अशोक व्यास द्वारा किया गया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इसके प्रायोजक भागवंती देवी रावल, राकेश रावल एवं शैलेन्द्र रावल माकडोन (डेलची) द्वारा स्व. श्री रमेश चन्द्र रावल की स्मृति में रावल परिवार द्वारा समर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल योगेश मेहता, डॉ. रमाकांत नागर, विजय शर्मा, अध्यक्ष मप्र नागर परिषद उज्जैन, के के व्यास, मप्र नागर परिषद युवा प्रदेश अध्यक्ष, रमेश मेहता ‟प्रतीक‟, अध्यक्ष म प्र प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति, नेहा प्रतिमा मेहता, अध्यक्ष म प्र नागर महिला परिषद एवं संस्था के सचिव अशोक व्यास, सह सचिव संतोष जोशी द्वारा शुभारम्भ किया गया। कार्यकम का संचालन दक्ष व्यास ने किया एवं आभार प्रदर्शन अशोक व्यास ने किया।

25 दिसम्बर को 48वें प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन अतिथि गणों कैदार रावल, मप्र. नागर परिषद प्रांतीय अध्यक्ष, रमेश मेहता संस्था अध्यक्ष, डॉ रमाकांत नागर शिक्षा विद, विजय प्रकाश मेहता समाजसेवी, विजय शर्मा, अध्यक्ष नागर परिषद उज्जैन, प्रेरणा किरणकांत मेहता, संरक्षक, संजय राजानी समाज सेवी, इंदौर द्वारा शुभारम्भ किया गया। पश्चात कक्षा नर्सरी से स्नाकोत्तर एवं अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रतिभागीयों को पुरुस्कृत किया गया। संस्था द्वारा पाँच बार लगातार पुरुस्कृत विद्यार्थी गौरव शर्मा एवं अन्वी व्यास को आशा विष्णु स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। शिक्षक पुरुस्कार में स्व श्री रमेशचन्द रावल की स्मृति में भगवंती रावल एवं शैलेन्द्र रावल द्वारा क्षेमवती नागर, पचोर (राजगढ) एवं नरेन्द्र जोशी पिपलोदी-खेडा रतलाम को एवं स्व श्री रमाकांत नागर स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान संगीता-विनोद नागर भोपाल द्वारा श्वेता-ओमप्रकाश सुरेखा नागर रतलाम को प्रदान किया गया। पत्रकारिता पुरुस्कार में स्व पं. विश्वनाथ मेहता की स्मृति सवश्रेष्ठ पत्रकारिता पुरुस्कार ओमप्रकाश मेहता वरिष्ठ पत्रकार भोपाल द्वारा हार्दिक विकास दवे, जी न्यूज को शाल -श्रीफल मोमेन्टो से सम्मानित किया गया। साथ ही स्व. श्री शंकर गुरु नागर स्मृति सामाजिक सेवा पत्रकारिता पुरुस्कार मधुसुदन नागर एवं दामोदर नागर द्वारा संदीप सुरेन्द्र मेहता, दैनिक अवन्तिका उज्जैन को प्रदान किया गया। इंदौर नागर महिला मंडल द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। श्रेष्ठ नारीशक्ति पुरुस्कार बिन्दु-प्रदीप मेहता इंदौर को प्रदान किया गया।

समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु इंदौर के संजय राजानी को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यकम का सफल संचालन श्री मयंक शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन सचिव अशोक व्यास ने किया।

## खबर एक नजर...

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेडियम की पट्टी लगाई, सुरक्षित रहे गोवंश और राहगीर

**सारंगपुर.** युवक कांग्रेस के सदस्यों ने सारंगपुर में स्थित कृषि उपज मंडी में वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए। पूर्व केबिनेट मंत्री और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा के उद्देश्य से किसानों के ट्रैक्टर और ट्रॉलियों पर रेडियम लगाए। युकां विस अध्यक्ष राहुल पाल और युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, नगराध्यक्ष लखन राजपूत ने बताया कि रात के समय कई वाहनों पर रेडियम नहीं होने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रेडियम लगे होने से वाहनों के आने-जाने का पता चल जाता है और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाती हैं। इसी उद्देश्य से पूरे जिले सहित सारंगपुर में कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह अभियान चलाया है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन पाल, समीर मेव, शेख मुर्शरफ, राधेश्याम भैसानिया, शोएब हसन राही, कान्हा अहिरवार, सुमित सोनी, अखलाक मेव, सद्दाम मेव, अजय पुष्पद सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस पार्षद दल को सिंहस्थ निर्माण कार्य का निरीक्षण कराए जाने की मांग

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर में किये जा रहें विकास निर्माण कार्य/सिंहस्थ निर्माण कार्य का निरीक्षण भ्रमण कांग्रेस पार्षद दल को कराए जाने की मांग नेता प्रतिपक्ष डॉ रवि राय ने निगमायुक्त से की है। रवि राय ने निगमायुक्त को पत्र लिखकर कहा कि नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर में किये जा रहें विकास निर्माण कार्य, सिंहस्थ निर्माण कार्यो का स्थल अवलोकन हेतु कांग्रेस पार्षददल निरीक्षण भ्रमण करना चाहता हैं, ताकि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता निर्माण समय सीमा एवं निर्माण से प्रभावित नागरिको की समस्या देखी जा सकें। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने अनुरोध किया कि इस कार्य हेतु संबंधित अधीक्षण यंत्री, अपर आयुक्त, सहायक आयुक्त, इंजीनियर को निर्देशित करें स्थल अवलोकन हेतु दिनांक, समय निर्धारित कर सूचित करें।

### कुलदीप सेंगर की जमानत का विरोध, युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**उज्जैन।** उन्नाव गैंगरेप में उम्रकैद के अपराधी रेपिस्ट, बीजेपी नेता, पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत व पीड़िता को जेल भेजने के विरोध में युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान के नेतृत्व में युवक कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान ने बताया कि विधानसभा घट्टिया के घट्टिया नगर में हुए इस विरोध प्रदर्शन में ह्यउन्नाव गैंगरेप पीड़िता को इंसाफ दो, कुलदीपसिंह दोषी है, जमानत नहीं सजा दो, जैसे नारे लिखे पोस्टर हाथों में लेकर नारे लगाए तथा कुलदीप सेंगर की जमानत पर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रितेश शर्मा, प्रदेश महासचिव रेणुका गांधी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राज रोहित सोलंकी, कौशल गरासिया, सत्या सोलंकी, रमेश मंडलोई, हरलाल मालवीय सहित कई यूथ कांग्रेस के युवा साथी, बहने शामिल रहे।

# श्रीमद भागवत कथा में बही राष्ट्र भक्ति की धारा

**व्यासपीठ से बोले पं. अर्जुन गौतम, धर्म के साथ देश को जोड़ो**

**धर्म बचा तो देश बचेगा, जाति पाति को छोड़ो, देश से नाता जोड़ो**

**न्याय की कुर्सी पर जो बैठे अगर न्याय नहीं करते तो फिर न्याय कहां होगा**



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सामाजिक सद्भाव सम्मेलन के साथ हो रही श्रीमद भागवत कथा में दूसरे दिन राष्ट्र भक्ति की धारा बही। कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से मालवा माटी के युवा संत पंडित अर्जुन गौतम ने धर्म के साथ देश को जोड़ने की बात व्यासपीठ से कही। आपने कहा धर्म बचा तो देश बचेगा, जाति पाति को छोड़ो, राष्ट्र धर्म से जोड़ो।

बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पं. अर्जुन गौतम ने कहा न्याय की कुर्सी पर जो बैठे अगर न्याय नहीं करते तो फिर न्याय कहां होगा। कथा में आरती में राजाराम पटेल, मधु सक्सेना, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, रूप किशोर कुलश्रेष्ठ, अंजू शर्मा, आरती यादव, नरेंद्र मालवीय, संजय श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना, अरुण श्रीवास्तव, गायत्री श्रीवास्तव, सुमन अष्ठाना आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि समाज को जोड़ने और जाति गत नफरतों को मिटाने के लिए स्वर्णिम भारत मंच द्वारा एक अनूठा प्रयास करते हुए पहली बार राष्ट्र ध्वज तले श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन भगवान श्री चिंतामन गणेश की मुख्य यजमानी में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। विघटित समाज को जोड़ कर एक दूसरे के मन में पनप रही जातिगत ईर्ष्या को मिटाने और प्रेम सौहार्द सामाजिक सद्भाव स्थापित करने तथा देश वासियों के मन में जाति धर्म की ऊंच नीच खत्म कर राष्ट्र भावना की अलख जगाने के उद्देश से स्वर्णिम भारत मंच द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। श्री गौतम के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे शाम 5 बजे तक धर्म की गंगा बहेगी।

**आज शिव पार्वती विवाह ......**

कथा में आज 27 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह का उत्सव मनाया जायेगा। शिव बारात में भूत पिशाच निकलेंगे। दुल्हा बनकर शिव बारात लेकर पार्वती के पिता हिमालय के घर जायेंगे। सभी पात्रों का श्रृंगार की तैयारी आयोजन समिति कर रही है।

**अधिवेशन को लेकर हुई बैठक, तैयारियां पूर्ण की**

# उज्जैन में 30 दिसंबर को होगा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन ह्यप्रेरणा 2025ह्ल 30 दिसंबर को उज्जैन शहर में होने जा रहा है।

प्रान्तीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने बताया कि संपूर्ण मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से चालीस शाखाओं से करीब 250 महिलाएं इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगी। यह तेरहवां प्रांतीय अधिवेशन है, इसका आयोजन महानंदा नगर शाखा द्वारा किया जा रहा है। इस अधिवेशन में विगत दो वर्षों में की गई सेवा गतिविधियों का विवरण व बैनर प्रस्तुतीकरण तथा उनके किए गए कार्यों के लिए शाखाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रान्तीय सचिव रुचिका खंडेलवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष संध्या सारडा, प्रांतीय सहसचिव माधुरी सोलंकी, महानंदा नगर शाखा की अध्यक्ष सीमा खंडेलवाल, सचिव भारती नीमा सहित शाखा की बहनों द्वारा इस अधिवेशन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी की अगवानी के लिए सभी तत्पर हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष उड़ीसा बालेश्वर से अंजू सरावगी रहेंगी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अंचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा देवास, राष्ट्रीय बालविकास प्रमुख इंदु गर्ग इंदौर पूर्वी, अंशु गुप्ता महु एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्षायें उपस्थित रहेंगी। इस अधिवेशन में महक पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। जिसमें विगत दो वर्षों में सभी शाखाओं द्वारा प्रांत में किए गए कार्यों का विवरण रहेगा।

### सांसद खेल महोत्सव में आलोक का परचम लहराया

**उज्जैन।** आलोक इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सांसद खेल महोत्सव में आलोक का परचम लहराते हुए दो स्वर्ण के साथ कुल 13 पदक प्राप्त किये। देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने हेतु आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत एथलेटिक्स में आलोक इंटरनेशनल स्कूल की काव्या शर्मा ने 400 मी. एवं 800 मी. दौड़ में स्वर्ण पदक, सिद्धि सिंह रघुवंशी ने 800 मी. दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं रस्साकशी में उपविजेता टीम के अमन शेख, शाहीद शेख, वरद शर्मा, शिवम, युवराज परिहार, प्रियवर्धन, सानिध्य जाट, रिहान पटेल, प्रद्युमन एवं अर्श मंसूरी ने खेल शिक्षक सत्यम मिश्रा के मार्गदर्शन में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

26 दिसम्बर को मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर दो घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया।

मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के आव्हान पर जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व मे उज्जैन जिला कलेक्टर कार्यालय पर दो घंटे का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। इसके बाद विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम कलेक्टर कार्यालय के आर आई उद्धव देहाड़ी को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद नहार प्रदेश संगठन सचिव, हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष, महेश सोनोने जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, सुरेश रायकवार जिला उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र परमार विभागीय अध्यक्ष, वरुण परमार, कैलाश मालवीय, रामचंदर बाथम, सुनील खत्री विभागीय अध्यक्ष, बंसीलाल लुवानिया, गोविन्द मालवीय, अम्बाराम मालवीय, भैरुलाल मालवीय आदि मौजूद रहे।

# अंकुर साख सरकारी संस्था मर्यादित उज्जैन की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**समाज के मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोगों में बचत की प्रवृति को बढ़ावा देना संस्था का मुख्य उद्देश्य- इंजी. मालवीय**




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंकुर साख सरकारी संस्था मर्यादित उज्जैन की प्रथम वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न हुई।

अंकुर साख सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन के अध्यक्ष इंजी. अशोककुमार मालवीय ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रातः 10 साधारण सभा का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था अध्यक्ष ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोगों में बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना एवं उन्हें न्यूनतम ब्याज दर एवं आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराना है। संस्था उपाध्यक्ष मानसिंह परमार मानस द्वारा संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही संस्था के मार्गदर्शक अनोखीलाल भारती द्वारा प्रत्येक सदस्य को पांच नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया एवं संस्था के संरक्षक गणेश धाकड़ द्वारा संस्था को आगे कैसे बढ़ाया जाए उस पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ सदस्य आर सी सिसोदिया द्वारा संस्था को और मजबूती से कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए। नागझिरी सहकारी साख संस्था के अध्यक्ष जितेंद्रसिंह भदोरिया द्वारा संस्था की आय को बढ़ाने का मूल मंत्र दिया गया। नागझरी साक्षरता के विभिन्न समिति अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार ने भी संस्था के कार्य की प्रशंसा करते हुए संबोधित किया। संचालक मंडल की सदस्या रेशम मालवीय द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कार्य का महत्वपूर्ण सुझाव संस्था को दिया गया। डीएस चौहान ने प्रस्ताव का वाचन किया।

## खबर एक नजर...

### सारंगपुर में बांग्लादेश का पुतला दहन, युवक को जिंदा जलाने पर जताया विरोध

**सारंगपुर।** सारंगपुर में बस स्टैंड पर बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को जिंदा जलाए जाने की घटना के विरोध में सर्व हिंदू समाजजनों के द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपना आक्रोश व्यक्त किया।

बांग्लादेश का पुतला दहन के आयोजन के दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिउंस अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने 'वंदे मातरम, भारत माता की जय और हिंदू समाज एकता से जुड़े नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। आयोजकों ने बताया कि पुतला दहन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना, हिंदू एकता को मजबूत करना और सनातन चेतना का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुखर्जी चौक पर हुई और रैली के रुप में भेरू दरवाजा रोड होते हुए समाजजन बस स्टैंड पर पहुंचे और पुतला जलाया, यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित लोगों ने एकजुट रहकर ऐसे मामलों के विरोध में निरंतर आवाज उठाने का संकल्प लिया। इस आयोजन का आह्वान सर्व हिंदू समाज सारंगपुर द्वारा किया गया था।

### सिद्दीकीया मस्जिद अंजुमन कमेटी सदर बने अल्ताफ हुसैन अंसारी

**सारंगपुर।** पड़ाना की सिद्दीकीया मस्जिद अंजुमन-ए-इस्लाम कमेटी सदर के रुप में समाजजनों ने सर्वसम्मति से अल्ताफ हुसैन अंसारी को चुना है। बुधवार को नव नियुक्त सदर अंसारी का पड़ाना में समाजजनों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सदर डा. सईद अंसारी, वसीम अंसारी सहित अन्य समाजजनों ने सदर अंसारी को पुष्पमाला पहनाकर मुंह मिठा कराकर स्वागत किया। इस मौके पर नए सदर अल्ताफ हुसैन अंसारी ने समाज की तरक्की, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है उन्होंने समुदाय की बेहतरी के लिए काम करने की बात कही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा मुख्य ध्यान शिक्षा के प्रसार पर है। उनका लक्ष्य किफायती दरों पर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है ताकि कोई भी छात्र वित्तीय बाधाओं के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा ही विकास और प्रगति की कुंजी है। उल्लेखनीय है कि नई कमेटी में सदर और सेकेटरी की जिम्मेदारी अल्ताफ हुसैन को ही मिली है और नायब सदर मोहम्मद मंसूरी बनाए गए है। राजा शाह, अकरम अंसारी, नफीस भाई मिस्त्री, इमरान अंसारी, मो. इमरान अंसारी, कलीम अंसारी, इस्तिकार अंसारी, सद्दाम भाई, अशरफ मंसूरी, इकराम अंसारी, अंसार मंसूरी, कुद्दुस अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार

# कॉलेज चलो अभियान : प्रचार-प्रसार हेतु प्राध्यापकों ने विद्यालयों में किया संपर्क

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में 5 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने शहर के विभिन्न विद्यालयो में संपर्क कर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है।

गठित दल के कालेज चलो अभियान पर जाने से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि-छ़ात्राएँ महाविद्यालय में उच्च अध्ययन कर के परिवार, नगर, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में प्रमुख योगदान दे सकतीं हैं अतः उन्हें स्कूली शिक्षा के आगे पढ़ाई के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।



शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में उक्त कार्य हेतु गठित दल अपने समय में विभिन्न विद्यालयों में संपर्क कर महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई नई शिक्षा नीति की विशेषताओं से परिचित करवाते हुए मेजर, माइनर, एम.डी.सी.आदि विषयों की जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी जा रही है। कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया से परिचय करवाते हुए संबंधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। कॉलिज चलो अभियान को प्रभावी और व्यापक जनसरोकारों से जोड़ने के लिए विद्यालयों में पोस्टर के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश हेतु योग्यताओं, संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी प्रसारित की गई। कन्या महाविद्यालय में अधिक से अधिक छात्राओं का प्रवेश हो सके तथा छात्राएँ विभिन्न विषयों में अध्ययन कर सफलता पूर्वक रोजगार प्राप्त कर सके इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष परमार के संयोजन में डॉ. कविता जैन, सरिता यादव, प्रो. इंदु बंसल, डॉ. मीना मोघे, डॉ. सरोजिनी टोपनो, डॉ. अंजना बुंदेला, डॉ. अंजना जायसवाल, मोनिका परमार, डॉ. मधुबाला राठौर, रुपाली झीनीवाल ने उज्जैन शहर के कई विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, सहयोगी पेंशनर्स संघ का नेत्र शिविर संपन्न

ब्रह्मास्त्र » सारंगपुर

जमुना गंज हनुमान मंदिर पर नेत्र शिविर सेवा सदन बैरागढ जांच केंद्र दीनदयाल चौराहा सहयोगिक संस्था प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत के नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि एवं सांवरिया सेठ के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चन एवं दीप प्रज्वलकर किया गया। आंख जांच केंद्र सहयोगी संस्था अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया नेत्र ज्योति ही जीवन ज्योति है, हमें अपनी आंखों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है सेवा सदन संत हिरदाराम नगर बैरागढ भोपाल सदैव सेवा को तत्पर हैं प्रतिमाह निशुल्क लेंस प्रत्यारोपन कर सफल ऑपरेशन किया जाता है। सचिव सोनी ने बताया शिविर में जिन्हें मोतियाबिंद निकलेगा उन्हें बस द्वारा भोपाल रवाना किया जाएगा। वापस ऑपरेशन पश्चात सारंगपुर दीनदयाल लाया जाएगा। इस दौरान ग्राम से जुडे पाडल्यामाता, ढकनी चा, बिलोदा पाल, डंडी, दिग्वाड, आमगढ, खासपुरा आदि ग्रामीण क्षेत्र से आए पुरुष एवं महिलाओं का नेत्र परीक्षण, शुगर ब्लड प्रेशर आदि की भी जांच की गई।

### मक्सी में अटलजी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया

मक्सी। गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का 101 वां जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जिसमें जिला महामंत्री पुष्पा भावसार सुरेखा की जोशी जिला महामंत्री मंडल मक्सी अध्यक्ष संगीता जैन मंडल उपाध्यक्ष रुक्मणी पाटीदार वसुंधरा पंड्या मंडल मंत्री भारती सुमन पांडे संगीता पांडे गिरिजा मंडल मंत्री संतोष आदि महिलाओं के द्वारा जन्म शताब्दी वर्ष मक्सी में मनाया गया।

### कुश्ती प्रतियोगिता में तलवी लोहार ने गोल्ड मेडल जीता

**खाचरोद।** सांसद खेल महोत्सव में कुश्ती प्रतियोगिता क्षीर सागर स्टेडियम उज्जैन में संपन्न हुई जिसमें पवन पुत्र व्यायामशाला के उस्ताद डॉ श्याम सिंह चंद्रावत द्वारा प्रशिक्षित बालिका पहलवान 30 किलो वजन वर्ग में तलवी लोहार ने अपने प्रतिद्वंदी को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल ता तथा खाचरोद नगर को गौरवान्वित किया तथा 58 किलो वजन वर्ग में पायल राठौड़ पहलवान तथा 35 किलो वजन वर्ग में शिवानी बैरागी ने सिल्वर मेडल ता एवं किरण राठौड़ आरोही राठौड़ और आर्या बूंदीवाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया ।

# विधायक ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया

## साफ-सफाई, पेयजल, शेड, तौल व्यवस्था एवं किसान सुविधाओं की समीक्षा की



ब्रह्मास्त्र » बड़नगर

किसान हित सर्वोपरि एवं मंडी की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने बुधवार को आकस्मिक कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर मंडी परिसर की व्यवस्थाओं, किसानों को उपलब्ध सुविधाओं एवं क्रय-विक्रय की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल, शेड, तौल व्यवस्था एवं किसानों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडी में उपस्थित किसानों एवं व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ एवं सुझाव भी सुने गए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी उपज का क्रय-विक्रय पारदर्शी एवं सुचारु रूप से हो सके।

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा सोमवार को कृषि उपज मंडी सचिव अनारेकुमार सिंह को एक ज्ञापन मंडी प्रांगण की साफ सफाई की मांग को लेकर दिया था। जिसमें एसोसिएशन द्वारा 25 दिसंबर तक परिसर की सफाई नहीं होने की दशा में अनिश्चितकालिन कार्य करने में असमर्थता जताई थीं। उक्त मामले में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन सचिव नितेश गोधा ने बताया कि विधायक पंड्या द्वारा मंडी अधिकारियों को परिसर में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मंडी व्यापारी नितेश गोधा, राजेंद्र बरडिया, राजू गामा, मनीष मेहता, प्रतीक पोरवाल, राजेंद्र तलेसरा, रवि ददरवाल आदि उपस्थित थे।

### पेरिस समझौते के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन कॉन्फ्रेंस को किया साकार

जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। जिस पर 2016 में लगभग 200 देशों ने हस्ताक्षर किए थे । इस संधि के अनुसार जलवायु परिवर्तन शमन , अनुकूलन और वित्त पोषण शामिल है। इसी उद्देश्य के तहत सीओपी 30 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन जो दिनांक 10 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक ब्राजील के बेलेम में आयोजित हुआ । इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन यूएनएफसीसीसी के 195 सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की थी ।

इस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन के खतरे के प्रति अधिक सशक्त प्रतिक्रिया देते हुए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के कार्यान्वयन को बेहतर बनाने का प्रयास हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस वैश्विक समझौते को जेजीआई ग्रुप बेंगलौर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल बड़नगर (ढोलाना) के कक्षा 6टी से 11वीं तक के 40 विद्यार्थियों ने 24 देश के प्रतिनिधि के रूप में पेरिस समझौते के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को मूर्त रूप प्रदान करते हुए जीवंत किया । इस संदर्भ में संस्था निदेशक अंकित वोहरा ने कहा कि शिक्षा और विद्यालय के माध्यम से हम छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करते हैं जिसके द्वारा छात्र वैश्विक वातावरण को जानते हुए अपनी सहभागिता प्रकट कर सकें ।

# विधायक पण्ड्या ने नगर पालिका में बैठक कर निर्देश दिए

ब्रह्मास्त्र » बड़नगर

नगर पालिका परिषद के सभागृह में बुधवार को विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या द्वारा स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं मूल भूत सुविधाओ से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और समाधान सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्य योजना बनाई गई। जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और बड़नगर के सवार्गीण विकास के लिये हम सब मिलकर निरन्तर प्रतिबद्ध है।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद की प्रमुख शाखाएं जिसमे शासन की योजनाओं का समय पर हितग्राहियों को लाभ मिले । स्वास्थ्य ,स्वच्छता से संबन्धित मुख्य नगर



पालिका अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ नगर भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें की सफाई व्यवस्था तथा ठेलागाड़ी व आटो चालको द्वारा यातायात बाधित न हो, सप्ताह में दो बार डी.डी.टी. पावडर का छिड़काव हो, नगर में शुद्ध जल का वितरण हो, कही पाईप लाईन न फुटी हो, इस पर विशेष ध्यान रहे। शहर में सफाई हेतु विशेष रूप से प्लान बनाकर कर कार्य करें। विशेष रूप से नगर की समस्त धर्मशालाएं एवं मेरिज गार्डन को यह सुचित किया जावे की कचरा टेंचिंग ग्राउण्ड पर या नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डाले। नवीन सब्जी मंडी एवं सोलर उर्जा के अधिक से अधिक प्रयोग हेतु अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। राजस्व शाखा हेतु नस्तीबद्ध लायक प्रकरण शीघ्रता के साथ निराकरण करें, साथ ही एक सप्ताह के अन्दर प्रमाण पत्र जारी करें। नगर में विशेष रूप से स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का भी नगर भ्रमण कर देखा जावे की कही अंधेरा तो नही है। विशेष रूप से नगर के लोक निर्माण विभाग कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देवें साथ ही छोटे कार्य को तुरन्त पूर्ण करें। जिससे गड्डे , जल भराव आदि की समस्या से जनता परेशान न हो। उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल एवं अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### आज खाचरोद में गुरु सप्तमी का पर्व धूम धाम से मनाया जायेगा

**खाचरोद।** राजेन्द्र नवयुवक परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने बताया की विश्व वन्दनीय परम पूज्य प्रात : स्मरणीय गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरिश्वर म.सा . का 199 वॉं जन्म एवं 119 वॉं स्वर्गारोहण दिवस गुरुसप्तमी पर्व के रुप में धूमधाम से प्रतिवषार्नुसार मनाया जावेगा पावन निश्रा-पुण्य सम्राट प. पू . जयन्तसेनसूरीश्वर म.सा . के पट्टधर गच्छाधिपती प. पू . श्री नित्यसेनसूरिश्वर म .सा . एवं आचार्य प. पू श्री जयरत्नसूरिश्वर म.सा . की आज्ञानुवर्तिनी प. प . साध्वी श्री अविचल द्रष्टा श्री म .सा प. पू . साध्वी श्री संवेग प्रिया श्री म .सा . कीसुशिष्य परम पूज्य साध्वी श्री शाश्वत प्रियाश्री म . सा . आदि ठाना 4 की निश्रा मे मनाई जायेगी जिसके अंतर्गत मुख्य आयोजन किये जायेंगे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से नाराज युवक ने पंचायत कार्यालय में लगा दी आग

ब्रह्मास्त्र ▶▶ रतलाम

जिला मुख्यालय से करीब 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मांगरोल के कार्यालय में एक युवक ने आग लगा दी। आग से कार्यालय में रखा फर्नीचर, कम्प्यूटर, फाइलें आदि जल गया। युवक का आरोप है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। घटना के दौरान मौके पर ग्रामीण जमा हो गए और युवक को पकड़ लिया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पुलिस को सौंप दिया। वहीं घटना का किसी ने वीडियो भी बनाया, जो वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार आरोपी 40 वर्षीय गोपाल भाभर पिता राधेश्याम भाभर निवासी ग्राम मांगरोल शुक्रवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे पेट्रोल से भरी बोतल व माचिस लेकर पंचायत भवन कार्यालय पहुंचा। वहां उपस्थित लोगों ने उसे बाहर निकालकर पंचायत कार्यालय का दरवाजा लगा दिया। इसके बाद भी वह नहीं माना तथा कार्यालय का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा और कार्यालय में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे कार्यालय में रखी टेबल, कम्प्यूटर व फाइलों ने आग पकड़ ली। कुछ लोग कार्यालय में पहुंचे तथा आग बुझाई लेकिन तब तक फाइलें, कम्प्यूटर, टेबल आदि जल चुके थे। खबर फैलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आरोपी वहां से जाने लगा तो ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।

सूचना मिलने पर सरपंच गायत्री चौधरी में पंचायत कार्यालय पहुंची तथा घटना स्थल देखा। इसी बीच सालाखेड़ी चौकी प्रभारी (एसआई) जगदीश यादव व अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंचे तथा गोपाल को गिरफ्तार कर लिया। सालाखेड़ी चौकी प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत के सहायक सचिव की शिकायत पर आरोपी गोपाल भाभार के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 221, 296, 326 (छ), 351 (3) व लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी गोपाल भाभर ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उसका नाबालिग बेटे को हम्माली करना पड़ रही है।

**सभी को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ**

ग्राम पंचायत मांगरोल की सरपंच गायत्री चौधरी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि शासन की जो भी योजनाएं आती हैं, उसका सभी ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। आग लगाने की सूचना उन्हें एक व्यक्ति ने दी तो वे तत्काल पंचायत कार्यालय पहुंची तो देखा कि कार्यालय में आग लगी हुई थी। गोपाल भाभर को मृत्यु प्रमाण-पत्र चाहिए, जबकि उसकी पुत्र जिंदा है।



## अटल बिहारी वाजपेई जी की 101वीं जयंती सेवा पखवाड़े के रूप में मनाई

ब्रह्मास्त्र ▶▶ मक्सी

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धा, सम्मान एवं सेवा भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने की तथा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे भाजपा परिवार की सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर भाजपा कार्यालय मंत्री वीरेन पाटीदार भाजपा जिला मंत्री उमेश टेलर सहित भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडलों के समस्त मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अटल जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा और सुशासन का प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सर्वांगीण कल्याण के उद्देश्य से आस्था गुरुकुल में हुआ वैदिक यज्ञ

**देश को विश्व गुरु बनाने, भारतीय सेना को और अधिक सशक्त करने, आतंकवाद से राष्ट्र की सुरक्षा के लिये हुआ वैदिक अनुष्ठान**



ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

भारत के सर्वांगीण कल्याण के उद्देश्य से बाबा महाकाल की पावन नगरी, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली अवंतिका में वैदिक यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। उजड़ खेड़ा हनुमान मन्दिर क्षेत्र स्थित आस्था गुरु कुल में ध्यान, योग के साथ हुए इस यज्ञ में देश को विश्व गुरु बनाने, भारतीय सेना को और अधिक सशक्त करने, आतंकवाद से राष्ट्र की सुरक्षा, प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं की कुशलता तथा भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाने की कामना के साथ वैदिक अनुष्ठान किया गया।

26 दिसंबर को हुए इस यज्ञ में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वैदिक आचार्यों एवं विद्वानों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी। विशेष रूप से दक्षिण भारत से आए 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। जिससे कार्यक्रम को अखिल भारतीय स्वरूप प्राप्त हुआ। इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना, राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, आतंकवाद के खतरे से मुक्ति, सेना की मजबूती और सर्व समाज के कल्याण के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम का संयोजन दक्षिण भारत से आए प्रमुख समाजसेवी व एलएमआरके फाउंडर राजीत कुमार द्वारा किया गया है।

## युवक ने नर्मदा पुल से लगाई छलांग, मौत

ब्रह्मास्त्र ▶▶ खातेगांव

नेमावर में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक ने नर्मदा नदी के पुल से छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद नाविकों ने उसे नदी में कूदते देखा और तुरंत अपनी नावों से मौके पर पहुंचे। नाविकों ने युवक को नदी से बाहर निकाला और घाट पर लेकर आए। नाविकों के अनुसार, जब युवक को बाहर निकाला गया तब उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन घाट पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया पुलिस मौके पर पहुंची। शव की तलाशी लेने पर उसकी जेब से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। युवक के हाथ पर 'गणेश' लिखा हुआ था। पुलिस ने उसकी पहचान के लिए सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं।

## विमला कान्वेंट हाई स्कूल नवादा उन्हेल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे

**उन्हेल।** विमला कान्वेंट हाई स्कूल नवादा उन्हेल के प्रांगण में स्थित कैथोलिक चर्च में क्रिसमस का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया, प्रभु येशु के जन्म की खुशी में ईसाई समाज के समाजजन ने क्रिसमस की पूर्व रात्रि में चर्च में विशेष प्रार्थनाएं की क्रिसमस के पूरे दिन क्रिसमस मिलन समारोह में विशेष आयोजन भी हुए, प्रभु येशु के जन्म से सम्बन्धित झांकियां भी बनाई गई, समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोगो ने विद्यालय पहुंचकर एक दूसरे को मेरी क्रिसमस बोल कर सभी को क्रिसमस की बधाइयां भी दी,



## आंगनवाड़ी सेविकाओं व भोजन बनाने वाली महिलाओं की अनदेखी पर सवाल

**महिदपुर।** विधानसभा क्षेत्र की आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं ने क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बोस ने बताया कि भाजपा सरकार भले ही सबका साथ, सबका विकास का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आती है। जो महिलाएँ बच्चों के पोषण, शिक्षा और भविष्य की मजबूत नींव रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं, वही आज उपेक्षा और अन्याय का शिकार हैं। दिन-रात कड़ी मेहनत करने के बावजूद इन महिलाओं को जो मानदेय दिया जा रहा है, वह न केवल अपर्याप्त है, बल्कि उनके सम्मान, श्रम और समर्पण के साथ भी अन्याय है।

**ग्राम बलेडी कृषि विभाग द्वारा समारोह आयोजित**

# किसानों को योजनाओं व कृषि पद्धतियों के बारे में किया जागरूक

ब्रह्मास्त्र ▶▶ इंगोरिया

एफ्रो संस्था उज्जैन ने एफपीओ गांव बलेड़ी में राष्ट्रीय किसान दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर किसानों को कृषि विभाग और बागवानी विभाग द्वारा उपलब्ध सरकारी योजनाओं और कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केन्द्र से कृषि वैज्ञानिक डॉ. रेखा तिवारी और डॉ. हंस राज जाटव ने किसानों को नई तकनीकों का उपयोग करने और अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एफ्रो संस्था से कार्यक्रम प्रबंधक नीरज होलकर, कृषि अधिकारी उमेश पटेल, बृजेश सावले,अर्जुन सिंह डोडीया, कान्हा चौधरी, एफपीओ के सदस्य और अंचल के अनेक कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एफ्रो संस्था से निरज होल्कर ने किसानों को आईटीसी प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई। कृषि अधिकारी उमेश पटेल द्वारा इस अवसर पर किसानों को आईटीसी के चार प्रमुख घटकों के बारे में जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ रेखा तिवारी द्वारा किसानो को कम लागत मे अधिक मुनाफा कृषि पद्धति के बारे मे जानकारी दी। डॉ हंस राज जाटव द्वारा एकीकृत



नाशीजीव प्रबंधन के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम किसानों में मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, और प्राकृतिक खेती के महत्व, सरकारी योजना, कृषि नवाचार को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन मे प्राकृतिक खेती के घटक जीवामृत बीजामृत , किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व समझाया गया। मृदा परीक्षण से फसल की उत्पादकता और और भूमि की आयु दोनों बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्राकृतिक खेती न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि जल संरक्षण और जैवविविधता की रक्षा में भी मददगार है। रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम करने की सलाह किसानों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी खेती में रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और गोबर आधारित प्राकृतिक घोल का उपयोग करें।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि

1. जोहरीन पति मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि सर्वे नम्बर 199/2 रकबा 1.0500 हे. स्थित ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। उक्त भूमि मे से 0.8200 हेक्टेयर भुमि को विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकारगणो से किया जाकर बयाना राशि प्राप्त की जा चुकी है केवल मात्र शेष राशि प्राप्त कर रजिस्ट्री की जाना बाकि है।

2. मोहम्मद परवेश पिता मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि सर्वे नम्बर 198/1/1 रकबा 0.49 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 198/3 रकबा 0.30 हेक्टेयर ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। उक्त भूमि सर्वे नम्बर 198/1/1 मे से 0.080 हेक्टेयर व भूमि सर्वे नम्बर सर्वे नम्बर 198/3 मे से 0.100 हेक्टेयर भूमि को विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया जाकर बयाना राशि प्राप्त की जा चुकी है केवल मात्र शेष राशि प्राप्त कर रजिस्ट्री की जाना बाकि है। यह कि, उक्त भूमि के विक्रय संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटि आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त संपत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखता हो तो वह इस जाहीर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अंदर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्यात मेरे पक्षकार द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र करवालिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा ऐसी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकार नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 26.12.2025

**उमेश बमनावत**
**कोठी पैलेस, उज्जैन**
**मोबाइल- 9993334828**


## कांग्रेस स्थापना दिवस पर होगा विचार संगोष्ठी का आयोजन

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा के निर्देशानुसार आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस पर एक विशेष विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अबसार अहमद खान व प्रदेश सचिव राधामोहन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय ए.बी. रोड स्थित निजी होटल के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। संगोष्ठी के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस भी गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। संगोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और समाजसेवी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, देश की आजादी के आंदोलनों में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका पर चर्चा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्षयाकूब खान ने जानकारी दी कि इस आयोजन में जिला, ब्लॉक और शहर कांग्रेस कमेटी सहित सभी मोर्चा संगठनों, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, निर्वाचित पार्षदों और पार्टी के समस्त पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।



# पीएम मोदी पर बन रही बायोपिक की शूटिंग शुरू

## फिल्म मां वंदे में 'मार्को' एक्टर उन्नी मुकुंदन निभा रहे हैं प्रधानमंत्री का किरदार


पीएम नरेंद्र मोदी पर बनने वाली बायोपिक फिल्म मां वंदे की शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म में मलयालम सिनेमा के मशहूर एक्टर उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभा रहे हैं। जिन्होंने मार्को जैसी फिल्म में काम किया है।

फिल्म के मेकर्स ने शनिवार को अपने ऑफिशियल अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। वीडियो पोस्ट में फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले हुई पूजा की झलकियां दिखने को मिली। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, मां वंदे की शूटिंग शुरू हो गई है। अब उस शख्स की कहानी बताने का नया अध्याय शुरू हो रहा है, जिसने देश की किस्मत बनाई। बता दें कि इस फिल्म की घोषणा पहली बार सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर की गई थी। मां वंदे को वीर रेड्डी एम ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी सिल्वर कास्ट क्रिएशंस के बैनर तले प्रोड्यूस किया जा है। फिल्म का निर्देशन फिल्ममेकर क्रांति कुमार सीएच कर रहे हैं।

**कौन हैं उन्नी मुकुंदन-** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय एक्टर उन्नी मुकुंदन का जन्म केरल के त्रिस्सुर में हुआ था। हालांकि, उन्होंने अपनी जिंदगी के कई साल गुजरात में बिताए। उन्नी ने अपनी स्कूली पढ़ाई अहमदाबाद से की है। उन्नी ने तमिल फिल्म सीडान (2011) से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की। छोटे-छोटे रोल करने के बाद उन्हें, उन्हें मल्लू सिंह (2012) में लीड रोल मिला।

### केबीसी के सेट पर रो पड़ीं अनन्या पांडे

# अमिताभ बच्चन से अपनी एक्टिंग की तारीफ सुन इमोशनल हुई एक्ट्रेस






बोलीं- जीवन का बड़ा पल

हाल ही में अनन्या पांडे अपने को स्टार कार्तिक आर्यन के साथ कौन बनेगा करोड़पति शो में शामिल हुई थीं। यहां पर दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'तू मेरा मैं तेरी मैं तेरी तू मेरा' को प्रमोट करने पहुंचे थे।

एपिसोड के दौरान होस्ट अमिताभ बच्चन ने अनन्या की पिछली फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा की, जिससे अनन्या इमोशनल हो गईं।

अनन्या ने इस क्लिप को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा- 'किसी भी एक्टर के जीवन का सबसे बड़ा पल। अमित जी, मैं आपके शब्दों को हमेशा संजो कर रखूंगी।' अमिताभ ने अनन्या की तारीफ में कहा- 'इनकी एक फिल्म थी, केसरी चैप्टर 2, जिसमें इन्होंने काम किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े कलाकार हैं और सबने बहुत अच्छा काम किया।

इनके लिए मैं केसरी चैप्टर 2 के बारे में कहूंगा कि इतने बड़े-बड़े कलाकारों के साथ रहकर भी अनन्या ने बहुत खूबी से अपना रोल निभाया।'

बिग बी आगे कहते हैं-'इनको ज्यादा बोलना नहीं था। लेकिन इन्होंने अपनी आंखों और लुक से सब कुछ अच्छे से जाहिर किया।

वो क्या है, हम सब एक ही प्रोफेशन में हैं और हम लोगों को 3 महीने पहले पता चल जाता है कि हमारा रोल क्या है। हमारा डायलॉग क्या है। लेकिन जब शूटिंग हो रही है तब ऑडियंस को लगना चाहिए कि ये अवसर हमारे साथ पहली बार हुआ है और हम पहली बार बोलने जा रहे हैं। वहां पर कलाकार की खूबी पता चलती है। वो फीलिंग मैंने आप में देखी।' अमिताभ बच्चन से अपनी एक्टिंग की तारीफ सुन अनन्या भावुक हो गईं। वो स्माइल के साथ अपने आंसुओं को छिपाने की कोशिश करती हैं। फिर वो बिग बी को शुक्रिया भी कहती हैं। बता दें कि 'केसरी चैप्टर 2' रघु पलाट और पुष्पा प्लाट की नॉवेल 'द केस दैट शूक द एम्पायर' पर आधारित थी। फिल्म में अक्षय कुमार ने एडवोकेट सी. शंकरन नायर और आर. माधवन ने एडवोकेट नेविल मैकिन्ले की भूमिका निभाई थी। अनन्या पांडे ने दिलरीत गिल का किरदार निभाया था।



# कपिल शर्मा और उनके शो के प्रोड्यूसर के खिलाफ केस दर्ज

## कॉपीराइट उल्लंघन मामले में पीपीएल बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचा, मेकर्स से मांगा गया जवाब

कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा और उनके शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' के प्रोड्यूसर के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन मामले में केस दर्ज हुआ है।

ये केस कॉपीराइट सोसाइटी फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड की तरफ से बॉम्बे हाईकोर्ट में किया गया है। केस में कपिल शर्मा के साथ प्रोडक्शन कंपनियों के9 फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और बीइंगयू स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। सोसाइटी ने कोर्ट से शो में कॉपीराइट वाली साउंड रिकॉर्डिंग के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है।

मामले को 24 दिसंबर को जस्टिस शर्मिला यू देशमुख की सिंगल जज बेंच के सामने लिस्ट किया गया। कोर्ट ने शो के मेकर्स से जवाब मांगा है, जिसके लिए उन्हें दो हफ्ते का समय दिया गया है। बता दें कि पीपीएल द्वारा 12 दिसंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट में कपिल शर्मा के शो के खिलाफ कमर्शियल याचिका दायर की गई थी। कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए याचिका में कहा गया था कि कपिल के शो के तीसरे सीजन में जून से सितंबर के बीच 3 लाइसेंसी गानों का इस्तेमाल बिना इजाजत किया गया।

आरोप- इन गानों का हुआ बिना इजाजत इस्तेमाल एम बोले तो, फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस रामा रे, फिल्म काटे, सुबह होने न दे, फिल्म देसी बॉय्ज

इन गानों का कॉपीराइट पीपीएल इंडिया के पास है। बिना इजाजत इन गानों का इस्तेमाल कमर्शियल तौर पर करना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन है। इन गानों का इस्तेमाल सिर्फ लाइसेंस होल्डर ही कर सकते हैं। पीपीएल ने याचिका में मांग की है कि जल्द से जल्द कॉपीराइट वाले गानों का बिना लाइसेंस इस्तेमाल होने पर रोक लगाई जाए। इसके गैरकानूनी इस्तेमाल से हुई कमाई का खुलासा किया जाए और उल्लंघन से जुड़ी सामग्री जब्त की जाए। 12 दिसंबर को याचिका दायर करने से पहले नवंबर की शुरूआत में पीपीएल इंडिया ने नेटफ्लिक्स और कपिल शर्मा शो के मेकर्स को एक सीज एंड डिसिस्ट नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्हें महज टालने वाले जवाब ही मिलें और साउंड रिकॉर्डिंग को अब भी एपिसोड्स में दिखाया जा रहा है।

# पंजाबी सिंगर नूरी को धमकी, घर पर पुलिस तैनात

## वॉट्सऐप कॉल कर कहा- मैं इंस्पेक्टर बोल रहा, बेटे को गाने से रोको वर्ना अंजाम बुरा होगा

पंजाबी गायिका और अदाकारा अमर नूरी को एक धमकी भरी कॉल मिली। थ्रेट कॉल करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह बताते हुए अमर नूरी को धमकाया। आरोपी ने कहा कि उनका बेटा, जो संगीत और गाने का काम करता है, वह गाना बंद कर दे, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

मामले में डीएसपी मोहित सिंगला ने बताया कि अब तक तीन लोगों को राउंडअप कर लिया गया है। इन सभी से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि धमकी देने के पीछे असली आरोपी कौन हैं। इसी के साथ सिंगर की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है।


यह धमकी अमर नूर के बेटे को संगीत और गाने का काम बंद न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी के साथ दी गई है।

**थ्रेट कॉल में क्या कहा...अमर नूरी को वाट्सअप कॉल पर धमकी:**



जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने 20 दिसंबर को अमर नूरी को वाट्सअप कॉल कर धमकी दी। धमकी मिलने के बाद नूरी का परिवार सहम गया।

**आरोपी बोला- बेटे का गाना बंद कराओ:** फोन पर खुद को इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह बताया। उसने



अमर नूरी को धमकी दी कि यदि उनका बेटा, जो संगीत के क्षेत्र में सक्रिय है, अपना काम बंद नहीं करता, तो उसे और उसके परिवार को बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**परिवार डरा, पुलिस को शिकायत की:** धमकी भरी कॉल मिलने के बाद अमर नूरी और उनका परिवार काफी डर गया। उन्होंने एक दिन बाद पुलिस से संपर्क किया और पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में उन्होंने कॉल की जानकारी, कॉल करने वाले की भाषा और धमकी की गंभीरता का उल्लेख किया।

### डीएसपी बोले- जल्द आरोपी पकड़ेंगे

इस संबंध में डीएसपी मोहित सिंगला ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस कॉल से जुड़े सभी तथ्यों और तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।

वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अमर नूरी को सुरक्षा भी दी है। उनके घर और आसपास पुलिस की निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके।



### मशहूर पंजाबी सिंगर सरदूल सिकंदर की पत्नी

अमर नूरी की शादी मशहूर पंजाबी सिंगर सरदूल सिकंदर से 30 जनवरी 1993 को हुई थी। सरदूल सिकंदर का वर्ष 2021 में निधन हो गया। उनके दो बेटे हैं- सरंग सिकंदर, अलाप सिकंदर दोनों बेटे भी पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं।

### बॉडी बिल्डर ने कहा- जिम हड़पना चाहती है; मंगेतर बोली- मेरे कपड़े फाड़ने की कोशिश की

# अमृतसर में बॉडी बिल्डर-मंगेतर के बीच मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› अमृतसर

अमृतसर के जिम में बॉडी बिल्डर और उसकी मंगेतर के बीच मारपीट हो गई। यह बहस ऑफिस में नेम प्लेट लगाने और फिर वीडियो बनाने को लेकर शुरू हुई। जिसके बाद बॉडी बिल्डर ने फोन छीनकर पटक दिया। इससे मंगेतर और बॉडी बिल्डर के बीच हाथापाई हो गई।

इस दौरान जिम के दूसरे मुलाजिम भी आ गए। मारपीट में बॉडी बिल्डर के सिर पर पहना परना उतर गया। उसके बाल भी खींचे गए। इस बारे में बॉडी बिल्डर ने इसके उउळश फुटेज मीडिया को जारी कर दिए। जिसके बाद उसने मंगेतर और जिम की मैनेजर पर कई तरह के आरोप लगाए हैं।

इस मामले में अब बॉडी बिल्डर की मंगेतर मनप्रीत कौर सामने आई है। उसने कहा कि मैंने प्रॉपर्टी गिरवी रख लोन लेकर जिम खोला। 70% हिस्सा मेरा है। उसने मेरा फोन छीनकर तोड़ दिया। मेरे कपड़े फाड़ने की कोशिश की। मुझे सीढ़ियों से नीचे फेंकना चाहा। यह मामला रणजीत एवेन्यू स्थित ओलिंपियन जिम का है।



- **इस बारे में बॉडी बिल्डर की मंगेतर ने क्या कहा...** मुझे पीटा, मोबाइल तोड़ा, कपड़े फाड़ने की कोशिश कीः मंगेतर ने कहा- यह कहना पूरी तरह गलत है कि मैंने किसी के साथ मारपीट की। सच्चाई यह है कि मेरे साथ बेरहमी से मारपीट की गई और मुझे जान से मारने की कोशिश हुई। मुझे बालों से पकड़कर घसीटा गया, मेरा मोबाइल फोन छीना गया और तोड़ दिया गया, मेरे कपड़े फाड़ने की कोशिश की गई और मुझे सीढ़ियों से नीचे फेंकने का प्रयास किया गया।
- **जिम बनाने के लिए मैंने प्रॉपर्टी गिरवी रख लोन लियाः** मंगेतर ने कहा- यह पूरी घटना अचानक नहीं हुई, बल्कि इसके पीछे लंबे समय से चल रहा आर्थिक और साझेदारी विवाद है। मैं इस जिम में 70 प्रतिशत की शेयरहोल्डर हूं, जबकि दूसरा पक्ष 30 प्रतिशत का भागीदार है। जिम बनाने के लिए मैंने अपनी प्रॉपर्टी गिरवी रखकर लोन लिया, पूरा निवेश किया और पूरी कंस्ट्रक्शन मेरी देखरेख में हुई। पिछले एक साल से मुझे मेरा कोई भी हिस्सा नहीं दिया गया।
- **हिसाब मांगने पर धमकाया, मैंने आत्मरक्षा कीः** मंगेतर ने कहा- जब मैंने पिछले 4झ5 महीनों से हिसाब-किताब, कैश फ्लो, किराया और खर्चों को लेकर सवाल उठाने शुरू किए, तो मुझे धमकाया गया और कहा गया कि मैं सवाल पूछने की हकदार नहीं हूं। 7 दिसंबर को सुबह जिम में जबरदस्ती मेरे ऑफिस में नेम प्लेट लगाने की कोशिश की गई, जिसका मैंने विरोध किया। इसी दौरान गाली-गलौज शुरू हुई और फिर मेरे साथ शारीरिक हिंसा की गई। मैंने केवल आत्मरक्षा की कोशिश की।
- **मेरी पीठ की डिस्क डिस्टर्ब हुई, मासूम महिला पर हाथ नहीं उठाताः** मंगेतर ने कहा- इस घटना के प्रत्यक्ष गवाह मौजूद हैं, जिन्होंने मुझे बचाया, लेकिन अब उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। मेरे पास इस पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग और मेडिकल रिपोर्ट मौजूद है, जिसमें मेरी पीठ की डिस्क तक प्रभावित होने की पुष्टि हुई है। इसके बावजूद आरोपी मीडिया में खुद को मासूम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूरी तरह झूठ है। कोई भी मासूम व्यक्ति किसी महिला पर हाथ नहीं उठाता। मैं एक सिख महिला हूं और मेरे सम्मान, सुरक्षा और कानूनी अधिकारों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। मुझे न्याय चाहिए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, वकील ने रोका तो मंगेतर के नाम प्रॉपर्टी खरीदी

मीडिया से बातचीत में बॉडी बिल्डर अमनदीप सिंह ने कहा- मैं प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर हूं। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हूं। मैंने पिछले साल ओलिंपियन जिम बनाना शुरू किया था। इस दौरान मेरा एक केस चल रहा था। वकील ने मुझे कहा कि अपने नाम पर कोई प्रॉपर्टी मत लेना। कोई बिजनेस नहीं करना। इस वजह से मैंने अपना सारा बिजनेस और फ्लैट मंगेतर के नाम पर लिया था। मेरा तलाक का केस चल रहा था। 5 नवंबर को मैं उसे जीत गया। इस दौरान मैंने 2 फ्लैट खरीदे, वह भी अपने मंगेतर के नाम पर किए।

### सिर्फ शो करने के लिए मंगेतर को पार्टनर बनाया

बॉडी बिल्डर ने कहा- मैंने ओलिंपियन जिम का प्रोजेक्ट शुरू किया तो वकील के कहे अनुसार अपने नाम पर नहीं किया। उस दौरान मैंने मंगेतर को एज ए पार्टनर रख लिया। जिम मैं पैसे की 100% इन्वेस्टमेंट मेरी है। ढाई करोड़ रुपया लगाया है। लोन भी लिया है। सारा पैसा मेरे अकाउंट से गया है। हर चीज का रिकॉर्ड है। मैंने सिर्फ शो करने के लिए इसके नाम पर 500 रुपए के स्टांप पर टेंपरेरी पार्टनरशिप की डीड बनाई थी। जैसे ही मैं केस जीत गया तो मैंने इसे कहा कि प्रॉपर्टी वाला सारा पेपरवर्क मेरे नाम पर वापस किया जाए। पिछले 6झ8 महीने से इसके मन में लालच आ गया।

### मंगेतर ने स्टाफ प्रभाव में लिया, अकाउंट में 2-3 लाख का फर्क आया

बॉडी बिल्डर ने कहा- वह समझ गई कि सारे पेपर उसके नाम पर हैं। वह सोचने लगी कि जिम का काम भी चल रहा है। उसने स्टाफ को अपने प्रभाव में लेना शुरू कर दिया। जिम की सेल्स मैनेजर है, जो अकाउंट का भी काम करती है। पिछले 3 महीने से जिम में लॉस हो रहा था। जब मैंने इसकी इन्वेस्टिगेशन की तो देखा कि हर महीने 2-3 लाख का अकाउंट में फर्क आ रहा था।

### बावुमा बोले, बुमराह-पंत ने माफी मांगी थी

## मैदान की बात नहीं भूलते लेकिन दुश्मनी नहीं रखते



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान हुए विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत ने मैच के बाद उनसे माफी मांगी थी। बुमराह और पंत ने बावुमा को बौना कहा था।

यह घटना कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट के पहले दिन की है। बुमराह ने बावुमा को छइह आउट देने की अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद बुमराह और पंत डीआरएस को लेकर चर्चा कर रहे थे, इसी दौरान स्टंप माइक में उनकी बातें रिकॉर्ड हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल होकर विवाद की वजह बनी। इसमें बुमराह और पंत को बावुमा को बौना कहते सुना गया। मीडिया मैनेजर ने उन्हें इस बारे में बताया अपने क्रिकइंफो कॉलम में बावुमा ने लिखा कि उन्हें उस समय इस टिप्पणी की जानकारी नहीं थी। बाद में टीम के मीडिया मैनेजर ने उन्हें इस बारे में बताया। बावुमा के अनुसार, बुमराह और पंत दोनों ने उनसे माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैदान पर जो होता है, वह वहीं रहता है, लेकिन आप यह नहीं भूलते कि क्या कहा गया था। ऐसी बातें प्रेरणा और ऊर्जा का सोर्स बन सकती हैं, लेकिन इससे कोई लंबे समय तक दुश्मनी नहीं रखता। साउथ अफ्रीका ने सीरीज 2-0 से जीती थी बावुमा ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज हमेशा कड़ी और रोमांचक होती है। उन्होंने साफ किया कि इस विवाद के बावजूद खिलाड़ियों के बीच आपसी सम्मान बना रहा।

### ड्रीम-11 हटने के बावजूद बीसीसीआई की कमाई पर असर नहीं

## एफ 26 में कमाई 8,963 करोड़ रहने का अनुमान, 1,500 करोड़ सिर्फ ब्याज से मिले

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बीसीसीआई ने ड्रीम-11 के स्पॉन्सरशिप से बाहर होने और आईसीसी से मिलने वाले रेवेन्यू में कमी के बावजूद अपनी फाइनेंशियल कंडीशन मजबूत रखी है। अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में प्रेजेंट किए गए ड्राफ्ट बजट के मुताबिक, एफवाय 2025-2026 के लिए बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया की कुल इनकम 8,963 करोड़ रहने का अनुमान है।

ड्रीम-11 ने अगस्त में अपनी 358 करोड़ की जर्सी स्पॉन्सरशिप डील खत्म कर दी थी। वजह थी सरकार का प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025, जिसने रियल मनी गेमिंग पर बैन लगा दिया। ड्रीम-11 का बिजनेस इसी पर टिका था, इसलिए डील खत्म करना जरूरी हो गया था।

**बीसीसीआई पर आईसीसी रेवेन्यू में कमी का असर नहीं-** बीसीसीआई को आईसीसी से 38.5% शेयर मिलता है। इस साल आईसीसी इवेंट्स से कम रेवेन्यू आने की वजह से कुल इनकम पिछले साल से कम रहने का अनुमान है, लेकिन बीसीसीआई ने इसे बैलेंस कर लिया है।

**बीसीसीआई की नई स्पॉन्सरशिप डील्स से भरपाई-** ड्रीम-11 के बाहर होने के बाद बीसीसीआई ने एडिडास के साथ हायर वैल्यूएशन में जर्सी स्पॉन्सरशिप डील साइन की है। अपोलो टायर्स के साथ भी अलग से डील हुई। अपेक्स काउंसिल नोट के मुताबिक, ड्रीम-11 जैसे स्पॉन्सर्स के बाहर होने के बावजूद बीसीसीआई ने हायर वैल्यूएशन में नई जर्सी स्पॉन्सरशिप डील अगले 2.5 साल के लिए सिक्योर कर ली है।

**बोर्ड के जनरल फंड और सरप्लस में बढ़ोतरी-** एफवाय 2024-2025 में बीसीसीआई का जनरल फंड 7,988 करोड़ से बढ़कर 11,346 करोड़ हो गया। वहीं सरप्लस 3,358 करोड़ रहा। मजबूत ट्रेजरी मैनेजमेंट की वजह से इंटरेस्ट इनकम भी बढ़ी है।

## जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज से बाहर



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज के आखिरी 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। उन्हें इंजरी और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया गया। इंग्लैंड ने 26 दिसंबर को बॉक्सिंग डे पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट की प्लेइंग-11 भी अनाउंस कर दी है। आर्चर के अलावा ओली पोप भी बाहर हुए हैं।

5 टेस्ट की सीरीज में होम टीम ऑस्ट्रेलिया 3-0 से आगे है। टीम ने शुरूआती 2 मैच 8 विकेट के अंतर से जीतने के बाद तीसरा मुकाबला 82 रन से जीत लिया। मिचेल स्टार्क 2 बार और एलेक्स कैरी 1 बार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मेलबर्न में चौथा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से शुरू होगा। नंबर-3 पर उतरेंगे जैकब बेथेल इंग्लैंड ने खराब फॉर्म के बावजूद बेन डकेट को एक और मौका दे दिया। वे जैक क्रॉली के साथ ओपनिंग करते नजर आएंगे। नंबर-3 पर ओली पोप की जगह ऑलराउंडर जैकब बेथेल उतरेंगे। गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोश टंग तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। इंग्लिश टीम ने फिर एक बार किसी भी स्पेशलिस्ट स्पिनर को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया। बेथेल के अलावा ऑफ स्पिनर विल जैक्स और जो रूट टीम के 2 पार्ट टाइम ऑप्शन हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

ब्रिटिश पीएम बोले

# भारत वैश्विक मंच पर उभरती ताकत



2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने संसद में कहा कि भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। स्टार्मर ने संसद में कहा, भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है। इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए विजन 2035 समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा, हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्टूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।

उपभोक्ता मंत्रालय को इंडिगो के खिलाफ मिलीं 100 शिकायतें

# आईआरएफसी ने 9,821 करोड़ का दिया कर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय को इंडिगो के टिकट रद्द होने से संबंधित 100 शिकायतें मिली हैं। इन्हें विमानन नियामक को भेज दिया गया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, टिकट रद्द होने, रिफंड और मुआवजे से संबंधित ये शिकायतें राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर प्राप्त हुई थीं। इन्हें सरकार के हवाई यात्रा शिकायत निवारण मंच एयर सेवा को भेज दिया गया है।

खरे ने कहा, हमें कई मामलों में आंशिक रिफंड की शिकायतें भी आ रही थीं, जिन्हें उपभोक्ता सही नहीं मानते थे। कुछ उपभोक्ताओं ने कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने और अन्य समस्याओं के कारण मुआवजे की मांग भी की है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय शिकायतों का निपटारा करेंगे। उनका विभाग उन मामलों पर नजर रखेगा जिनमें उपभोक्ता मुकदमा करना चाहते हैं। संभावित मुकदमेबाजी से संबंधित मामलों के लिए शिकायतों को सरकार के उपभोक्ता शिकायत पोर्टल ई-जागृति को भेज दिया गया है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को दिसंबर की शुरुआत में बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ा। इसमें पायलटों के लिए नए ड्यूटी मानदंडों को लागू करने में योजना की कमी के कारण बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द हुईं। एक सप्ताह में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो गईं। इससे व्यस्त यात्रा सीजन के दौरान हजारों लोग फंस गए। खासकर मुंबई, हैदराबाद और दिल्ली जैसे शहरों के यात्री ज्यादा प्रभावित हुए। इस वजह से नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में 10 प्रतिशत की कटौती की और हवाई टिकटों की कीमतों में भारी वृद्धि को रोकने के लिए हवाई किराए पर सीमा भी लगाई।

**आईआरएफसी ने 9,821 करोड़ का दिया कर्ज-** भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. को विश्व बैंक से लिए गए विदेशी मुद्रा ऋण के पुनर्वित्त के लिए 9,821 करोड़ रुपये का ऋण दिया है। विश्व बैंक से लिया गया यह ऋण पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के लिए था। आईआरएफसी ने कहा, यह लेनदेन भारत के अवसंरचना वित्तपोषण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**एचडीएफसी बैंक का सीएसआर पर खर्च बढ़ा-** एचडीएफसी बैंक ने 2024-25 में कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों पर 1,068 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह 2023-24 की तुलना में 123 करोड़ रुपये अधिक है। बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक बैंक ने सीएसआर कार्यक्रमों में कुल मिलाकर 6,176 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 10.56 करोड़ लोगों तक पहुंच मिली है।

**कोयला खदानों के लिए मिलीं 49 बोलियां-** वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 14वें दौर में 49 बोलियां प्राप्त हुई हैं। यह निवेशकों की बढ़ती रुचि और ऊर्जा सुरक्षा में हुई प्रगति को दर्शाती हैं। इससे कोयला उत्पादन में वृद्धि हो सकती है। घरेलू आपूर्ति मजबूत होगी जिससे आयात पर निर्भरता कम हो सकती है। इस दौर में 41 ब्लॉकों में से 24 ब्लॉकों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। नीलामी प्रक्रिया में कुल 11 कंपनियों ने भाग लिया।

**छोटे शहर डिजिटल कर्ज क्रांति का कर रहे नेतृत्व-** देश में डिजिटल कर्ज से जुड़ी गतिविधियों में तेजी से बढ़ रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जेन-जी, मिलेनियल्स, महिलाएं और छोटे शहर डिजिटल कर्ज क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों ने 2025 में स्मार्टफोन और घरेलू उपकरण खरीदने के लिए सबसे ज्यादा कर्ज लिया। ऑटो लोन में भी 6 फीसदी तेजी रही।




### अदाणी पावर 41.87 गीगावॉट तक बढ़ाएगी क्षमता

अदाणी पावर लि.ने 2031-32 तक स्थापित क्षमता लक्ष्य को बढ़ाकर 41.87 गीगावॉट कर दिया है। इस पर लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश किए जाने की उम्मीद है। यह भारत के थर्मल ऊर्जा उद्योग में निजी क्षेत्र की सबसे आक्रामक विस्तार योजनाओं में से एक का संकेत है। कंपनी ने देश में कई दशकों से बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए आक्रामक विस्तार योजना तैयार की है।

### एचसीसी का राइट्स इश्यू दोगुना भरा

हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) के राइट्स इश्यू को दोगुनी सदस्यता मिली है। 999.99 करोड़ रुपये के इश्यू के मुकाबले 2,008 करोड़ रुपये के आवेदन प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने मंगलवार को कहा, वह इश्यू साइज के बराबर राशि अपने पास रखी है और शेष राशि नियमों के अनुसार निवेशकों को वापस कर दी जाएगी। योग्य आवेदकों को इक्विटी शेयर आवंटन आधार के अनुसार आवंटित किए जाएंगे।

चांदी की ऐतिहासिक छलांग

## भाव 2.36 लाख रुपये के पार, सोना भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कमोडिटी बाजार में साल के अंत में जबरदस्त तेजी। चांदी की चमक ने शुक्रवार को सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, वहीं सोना भी अपनी नई ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक उछाल दर्ज किया गया। आइए इस बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानें। वैश्विक बाजारों में मची तेजी और साल के अंत में जबरदस्त खरीदारी के चलते भारतीय सराफा बाजार में चांदी ने आज इतिहास रच दिया। शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 9,350 रुपये की भारी उछाल दर्ज की गई, जिससे यह 2,36,350 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के मुताबिक, पिछले कारोबारी सत्र (बुधवार) में चांदी 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। केवल पिछले चार सत्रों की बात करें तो 19 दिसंबर के बाद से चांदी में 32,250 रुपये (15.8%) की तेजी आ चुकी है। बाजार के जानकारों का कहना है कि यह साल चांदी के निवेशकों के लिए किसी जैकपॉट से कम नहीं रहा। 31 दिसंबर, 2024 को चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब तक इस कैलेंडर वर्ष में 1,46,650 रुपये (163.5%) बढ़ चुकी है। चांदी के साथ-साथ सोने ने भी अपनी चमक बिखेरी है। स्थानीय बाजार में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये की छलांग लगाकर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,40,800 रुपये पर बंद हुआ था। इस साल सोने ने अब तक करीब 80% का रिटर्न दिया है।

सरकार बजट 2026-27 में ऊंची प्रत्यक्ष कर दरें स्थिर रखते हुए

# कर आधार बढ़ाने और निवेश व रोजगार पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार बजट 2026-27 में ऊंची प्रत्यक्ष कर दरें स्थिर रखते हुए कर आधार बढ़ाने और निवेश व रोजगार को प्रोत्साहित करने पर जोर दे सकती है। थिंक चेंज फोरम की रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी सुधारों से साबित हुआ है कि कर सरलीकरण और संतुलित दरों से राजस्व बढ़ाया जा सकता है।

सरकार अगले वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाने, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने, आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने पर जोर दे सकती है।

**भारत की नई कराधान विचारधारा का स्वरूप :** सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी 2.0 के तहत हाल के सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के साथ कर व्यवस्था का सरलीकरण एवं टैक्स दरों में संतुलन संभव है। इससे लंबे समय से जारी इस धारणा को चुनौती मिली है कि कर संग्रह बढ़ाने के लिए टैक्स की ऊंची दरें जरूरी होती हैं।

शोध संस्थान थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, भारत जल्द केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करने वाला है।?इसमें सरकार की ओर से लिए जाने वाले फैसले यह तय करेंगे कि देश की कराधान व्यवस्था दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए उत्प्रेरक बनती है या फिर महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने वाला कारक।

**कर आधार बढ़ाना इसलिए जरूरी -** रिपोर्ट में कहा गया है कि कर-जीडीपी अनुपात में सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 2.5 से तीन करोड़ प्रभावी करदाता हैं। ऐसे में बजट को दरें बढ़ाने के बजाय जीएसटी, आयकर और उच्च मूल्य उपभोग से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत कर प्रौद्योगिकी आधारित टैक्स आधार विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए। कर-जीडीपी अनुपात यह मापने का पैमाना है कि किसी देश के कुल राजस्व (जीडीपी) का कितना हिस्सा सरकार टैक्स के रूप में इकट्ठा करती है।



### नीति-निर्माताओं को छह सूत्री सलाह

रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्री सलाह दी गई है।?इसमें प्रत्यक्ष करों, प्रवर्तन और निवेश नीति तक जीएसटी सुधारों के सिद्धांतों का विस्तार करने का आग्रह किया गया है। इन सुझावों में मुख्य तौर पर नीतिगत स्थिरता एवं अनुपालन-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में उच्च टैक्स दरों को स्थिर रखने, दरें बढ़ाने के बजाय प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करने, मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) आधारित कराधान से बचने, जीएसटी इनपुट कर्ज श्रृंखला को पूरा करने, मुनाफे के उत्पादक पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करने और तस्करी-अवैध कारोबार सहित समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की सिफारिश की गई है। शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थशास्त्र के संतुलन सिद्धांत के अनुरूप उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मिलेगी मजबूती

# सरकारी बैंकों के विलय में अगले साल तेजी, बनेंगे बड़े बैंक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सरकार अगले साल से सरकारी बैंकों के विलय की प्रक्रिया को तेज करने जा रही है। लक्ष्य चार-पांच बड़े वैश्विक स्तर के बैंक बनाना है, जिससे भारत के बैंक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में मजबूत हो सकें।

सरकार 2047 तक विकसित भारत के विकास के अगले चरण को रफ्तार देने के लिए देश में बड़े बैंकों की दिशा में काम तेजी से शुरू कर दिया है। अगले साल से इसका नतीजा दिखने भी लगेगा। छोटों को बड़े बैंकों में मिलाकर वैश्विक स्तर के चार-पांच बैंक बनाए जाने की योजना है। इससे घरेलू बैंकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि भारत को कई बड़े, विश्व स्तरीय बैंकों की जरूरत है। इस दिशा में काम शुरू हो चुका है। सरकार ने रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। इस समय 12 सरकारी बैंक हैं। देश का सबसे बड़ा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) एकमात्र बैंक है जो परिसंपत्तियों के आधार पर वैश्विक शीर्ष-50 बैंकों में शामिल है। यह 43वें स्थान पर है। निजी क्षेत्र का एचडीएफसी बैंक 73वें स्थान पर है। बड़े बैंकों के निर्माण के उद्देश्य से सरकार ने पहले दो बार विलय प्रक्रिया चलाई थी।

अगस्त, 2019 में चार बड़े बैंकों के विलय की घोषणा की गई। इससे इनकी कुल संख्या 2017 के 27 से घटकर 12 हो गई। 1 अप्रैल, 2020 से यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का पंजाब नेशनल बैंक में विलय हो गया। सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक में व इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में विलय हो गया। आंध्र बैंक और कॉरपोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विलय हो गया। मौजूदा रुझान को देखते हुए सरकारी बैंकों का शुद्ध लाभ 2025-26 के अंत तक 2 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। 2024-25 में यह रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये था। 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ रुपये इन बैंकों ने कमाए थे।

## दिल्ली में आज से 13 जिले, पहले 11 थेः शहादरा को नॉर्थ ईस्ट में मिलाया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में जिलों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है। पुनर्गठन के तहत तीन नए जिले- ओल्ड दिल्ली, सेंट्रल नॉर्थ और आउटर नॉर्थ बनाए गए हैं। जबकि शाहदरा जिले को नॉर्थ ईस्ट में मिला दिया गया है।

दिल्ली सरकार ने अपने बयान में कहा कि ये बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। इससे प्रशासनिक कामकाज और नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा। नए जिले बनाने को लेकर नोटिफिकेशन गुरुवार को जारी किया गया था। जानकारी आज सामने आई है।

13 नए जिलों में साउथ ईस्ट, पुरानी दिल्ली, नॉर्थ, नई दिल्ली, सेंट्रल, सेंट्रल नॉर्थ, साउथ वेस्ट, आउटर नॉर्थ, नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट, ईस्ट, साउथ और वेस्ट शामिल हैं। दिल्ली में जिलों को लेकर बदलाव 13 साल बाद किया गया है। 2012 में आखिरी बार साउथ-ईस्ट और शाहदरा जिले बने थे।?

ये नए जिले एमसीडी के 12 जोन, न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ पूरी तरह मेल खाएंगे। ?इस बदलाव से एसडीएम कार्यालयों की संख्या 33 से बढ़कर 39 हो जाएगी।

हर जिले में मिनी सेक्रेटेरिएट बनेगा, जहां ज्यादातर सरकारी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी हैं। पहले दिल्ली में 11 राजस्व जिले थे- सेंट्रल, ईस्ट, न्यू दिल्ली, नॉर्थ, नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट, शाहदरा, साउथ, साउथ ईस्ट, साउथ वेस्ट और वेस्ट। लेकिन एमसीडी के 12 जोन और एनडीएमसी-कैंटोनमेंट के अलग इलाके होने से जगहों पर भ्रम और झगड़े होते थे।

### दिल्ली में इसी साल भाजपा 26 साल बाद सत्ता में वापसी की

दिल्ली में इसी साल फरवरी में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की थी। आम आदमी पार्टी को 40 सीटों का नुकसान हुआ और वह 22 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस को दिल्ली में लगातार तीसरे विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली।

आतंक पर प्रहार : एनआईए के सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री बोले

# देश में पुलिस का समान एटीएस तंत्र जरूरी, एजेंसियों के बीच डाटा का समन्वय जरूरी :शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद की चुनौती से निपटने के उद्देश्य से देश में पुलिस का समान एटीएस (आतंकवाद रोधी दस्ता) तंत्र जरूरी है, राज्यों के पुलिस महानिदेशक इसका जल्द अनुपालन करें।

दिल्ली में शुक्रवार को एनआईए के दो दिवसीय ह्यआतंकवाद निरोधी सम्मेलनह्ण का उद्घाटन करने के बाद गृह मंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम संगठित अपराधों पर 360 डिग्री प्रहार की योजना ला रहे हैं। शाह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए अभेद्य-मजबूत ह्यआतंकवाद निरोधी ग्रिडह्ण बनाना है, जो हर तरह की चुनौती का सामना कर सके। एनआईए ने एक साझा ह्यएटीएस स्ट्रक्चरह्ण बनाकर राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को भेजा है। जब हम पूरे देश का समान एटीएस तंत्र बनाते हैं, तब हर स्तर पर समान तैयारी का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों की एटीएस को खुफिया प्रणाली (नेटग्रिड) के इस्तेमाल की आदत डालनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से अदृश्य चुनौतियों को परखना और उनकी रोकथाम करने का राष्ट्रीय दायित्व इस सम्मेलन का हिस्सा है। पिछले तीन साल में हम इस कॉन्फ्रेंस को वार्षिक परंपरा बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। शाह ने संगठित अपराध, आतंकवाद और कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ाई को आक्रामक बनाने के लिए पहली बार एनआईए द्वारा अपडेट किए गए अपराध मैनुअल, हथियार ई-डेटाबेस और संगठित अपराध नेटवर्क डाटाबेस की भी शुरूआत की। गृह मंत्री ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारियां हमारी सीमाओं से शुरू नहीं होती हैं, बल्कि सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारी हमें कई मील दूर से शुरू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उभरते खतरों से निपटने का प्लेटफॉर्म बना है।

गृहमंत्री ने कहा कि सम्मेलन मात्र एक चर्चा का मंच नहीं है बल्कि यहां कुछ अहम बिंदु निकलते हैं और उनके क्रियान्वयन की दिशा में एनआईए और राज्यों की संबंधित एजेंसियां लगातार सालभर काम करती हैं। इससे हम देश में एक मजबूत आतंकवाद विरोधी ग्रिड बनाने में सफल हो रहे हैं। सभी एजेंसियां देश और दुनिया में जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनका विश्लेषण कर हमारी आतंकवाद निरोधी क्षमता को और बढ़ाएं। आतंकी घटनाओं में तकनीक के उपयोग के कारण आतंकवाद का परिदृश्य भी बदल रहा है और हमें भी इसकी रोकथाम के लिए तैयारी करनी होगी।

### तीन नई शुरूआत से ताकत बढ़ेगी

गृह मंत्री ने कहा यहां तीन नई शुरूआत हुई है। पहला एनआईए द्वारा अपडेट किया गया अपराध मैनुअल। दूसरा आयुध ई-डेटाबेस की शुरूआत हुई है। तीसरा संगठित अपराध नेटवर्क पर भी एक डाटाबेस जारी किया गया है। ये तीनों शुरूआत भारत की ताकत बनेंगी।

### केरल के लिए भाजपा ने कमर कसी

भाजपा ने केरल में राजधानी तिरुवनंतपुरम की नगर निगम पर पहली बार कब्जा करने के बाद अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की राजनीति में अपनी महती उपस्थिति दर्ज करा दी है। अब वह विधानसभा में दस्तक देने की तैयारी में जुट गई है।

संगठन के स्तर पर पार्टी ने अगले लोकसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति तैयार की है, जिसमें विधानसभा चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति के साथ संगठन प्रभारियों में बदलाव भी शामिल है। अगले साल जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें केरल भी शामिल है। भाजपा ने केरल को छोड़कर बाकी राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी तय कर दिए हैं। केरल में वह निकाय चुनावों के नतीजों के लिए रुकी थी। अब इनमें मिली सफलता को देखते हुए प्रमुख रणनीतिकारों को यहां पर तैनात किया जा सकता है। साथ ही राज्य में संगठन प्रभारियों में भी बदलाव किए जाने की संभावना है। नए प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और मौजूदा संगठन प्रभारी प्रकाश जावडेकर में पटरी नहीं बैठती है। निकाय चुनावों में भी जावडेकर दूर रहे।

## मद्रास हाईकोर्ट बोला- भारत में बच्चों के लिए सोशल-मीडिया बैन हो



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है।

शिमला से मनाली तक सेलिब्रेशन

# हिमाचल में न्यू ईयर पर जश्न की तैयारी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर न्यू ईयर 2026 के वेलकम को खास इंतजाम किए गए है। शिमला, डलहौजी और धर्मशाला में विंटर कार्निवल चल रहा है, जबकि मनाली और कसौली में डीजे पार्टी चल रही है। बड़े होटलों में भी न्यू ईयर पर स्पेशल पार्टी, लाइव म्यूजिक और डिनर नाइट्स आयोजित होंगी।

30 व 31 दिसंबर के लिए कमरों की एडवांस बुकिंग हो रही है। टूरिस्ट के लिए अच्छी बात यह है कि कमरों की बुकिंग के लिए मारामारी नहीं होगी और ज्यादातर शहरों में कमरे आसानी से उपलब्ध होंगे, क्योंकि प्रदेश में बीते छह-सात सालों के दौरान लगभग 4000 होम स्टे खुल चुके है। इस वजह से कमरों के लिए कुछ साल पहले जैसी मारामारी नहीं होगी।

### प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्या स्थिति...

शिमला में विंटर कार्निवलः रिज और मॉल रोड पर 24 से 31 दिसंबर तक विंटर कार्निवल चल रहा है। देश-प्रदेश के नामी कलाकारों की प्रस्तुतियां हो रही हैं। 31 दिसंबर को कल्चर परेड, लाइव बैंड और न्यू ईयर ईव पार्टी होगी। सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 450 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।



### ट्रेन और फ्लाइट बुकिंग लगभग फुल

न्यू ईयर सेलिब्रेशन के जोश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कालका-शिमला ट्रैक पर चलने वाली पांचों ट्रेनों में 95 प्रतिशत से ज्यादा सीटें 31 दिसंबर तक एडवांस बुक हो चुकी हैं। इसी तरह, दिल्ली, अमृतसर, देहरादून और जयपुर से कुल्लू के भुंतर एयरपोर्ट के लिए 31 दिसंबर तक अधिकांश फ्लाइट्स बुक हो चुकी हैं। दिल्ली से भुंतर फ्लाइट का किराया करीब 10 हजार रुपए, जबकि अमृतसर, देहरादून और जयपुर से भुंतर का किराया औसतन 3,500 रुपए चल रहा है।

### मनाली मॉल रोड पर रात 12 बजे तक पार्टी

मनाली में 31 दिसंबर की रात मॉल रोड पर डीजे पार्टी का आयोजन होगा। रात 12 बजे तक पार्टी चलेगी। कांगड़ा कार्निवल में होगी आतिशबाजीः कांगड़ा के धर्मशाला में कार्निवल चल रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियां और न्यू ईयर ईव सेलिब्रेशन होंगे। 31 दिसंबर की रात 12 बजे तक सांस्कृतिक संध्या और नए साल को यादगार बनाने के लिए आतिशबाजी का विशेष इंतजाम किया गया है।

### डलहौजी के सुभाष चौक पर थिरक रहे टूरिस्ट

डलहौजी में 25 दिसंबर से विंटर कार्निवल चल रहा है। यहां सुभाष चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पर्यटक जमकर थिरक रहे हैं।

## भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहींः इसे नाम के आगे या पीछे नहीं लगा सकते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात बुधवार को एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है।

### सुप्रीम कोर्ट के 1995 के फैसले का हवाला

हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सुंदरेसन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 141 के तहत सभी पर लागू होता है। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि आगे की कानूनी कार्यवाही में सभी पक्ष और अदालतें इस नियम का पालन करें। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं।

## ट्रम्प-मेलानिया ने बच्चों के साथ सैंटा को कॉल किया:

# जीसस के जन्म स्थान पर 2 साल बाद क्रिसमस मना, यूक्रेनी सैनिकों का बॉर्डर पर सेलिब्रेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यरुशलम/वेटिकन सिटी

दुनियाभर में लोगों ने अपने-अपने पारंपरिक तरीके से क्रिसमस मनाया। ईसाई धर्म के अनुयायी यीशु मसीह के जन्म के मौके पर प्रार्थना के लिए चर्च पहुंच रहे हैं। घरों से लेकर शहरों के मुख्य चौराहों और गलियों को सजाया गया है।

येरूशलम के नजदीक मौजूद यीशु मसीह के जन्म स्थान बेथलेहम में इस बार पूरे दो साल बाद धूम-धाम से उत्सव मनाया जा रहा है। चर्च ऑफ द नेटिविटी के पास स्थित मैंगर स्क्वायर में बड़ा क्रिसमस ट्री लगाया गया है। इसी तरह चीन, केन्या, यूक्रेन और पाकिस्तान में भी क्रिसमस मनाया जा रहा है। ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु 14वें पोप लियो मई में चुने जाने के बाद पहली बार क्रिसमस सेलिब्रेशन की अध्यक्षता कर रहे हैं। पोप ने वेटिकन सिटी में 24 दिसंबर की रात सेंट पीटर बेसिलका चर्च का पवित्र दरवाजा खोलकर क्रिसकम के जश्न की शुरूआत की।





यूक्रेन की 33वीं अलग मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के सैन्य पादरी लेफ्टिनेंट मायकोला बागिरोव ने 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन फ्रंटलाइन पर सैनिकों से मुलाकात की। यूक्रेनी सैनिकों ने एक पुराने अस्तबल में प्रार्थना सभा आयोजित की। इस दौरान वे अपने साथ क्रिसमस स्टार लेकर गए थे, जो ईसा मसीह के जन्म और बेथलहम के तारे का प्रतीक है। सीरिया के दमिश्क में क्रिसमस की सजावट के नीचे सुरक्षा बलों के सदस्य पहरा देते हुए। इस्लामाबाद में क्रिसमस के लिए कई जगहों पर खूबसूरत क्रिसमस ट्री सजाए गए हैं। मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान में ईसाई समुदाय (लगभग 1.5-2% आबादी) क्रिसमस धूमधाम से मनाता है। इस साल इस्लामाबाद के सेरेना होटल में भव्य ट्री लाइटिंग सेरेमनी हुई, जहां कैरोल गायन और प्रार्थना हुई। यूक्रेन के लविव शहर के कब्रिस्तान में शहीद यूक्रेनी सैनिकों की कब्रों को क्रिसमस के अवसर पर सजाया गया। फ्लोरिडा के कोकोआ बीच में 17वें वार्षिक सर्फिंग सैंटास कार्यक्रम के दौरान सांता क्लॉज की पोशाक पहने एक सर्फर लहरों पर सर्फिंग कर रहा है। उत्तरी आयरलैंड के हेलेन बे में, लोग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बेलफास्ट लॉफ के ठंडे पानी में वार्षिक तैराकी के लिए समुद्र में उतरे।

# सीरिया में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद में धमाका; 8 की मौत, 21 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीरिया

सीरिया के होम्स शहर में जुमे की नमाज के दौरान एक मस्जिद में जोरदार धमाका हुआ। इस हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। यह जानकारी सीरिया के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी।

सरकारी समाचार एजेंसी साना के मुताबिक, इमाम अली बिन अबी तालिब मस्जिद के एक कोने में पहले से लगाए गए विस्फोटक उपकरणों में धमाका हुआ। उस वक्त मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद थे।

सीरिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में एंबुलेंस और आपात सेवाओं के निदेशक नजीब अल-नासान ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि राहत और मेडिकल टीमें अभी हालात का आकलन कर रही हैं। धमाके के बाद



## यूएई के राष्ट्रपति इस्लामाबाद पहुंचे

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की पहली आधिकारिक यात्रा पर इस्लामाबाद पहंचे। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने नूर खान एयरबेस पर उनकी अगवानी की। इससे पहले वह जनवरी में निजी यात्रा पर पाकिस्तान आए थे। पाक विदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, वह दोनों देशों के संबंधों की समीक्षा और द्विपक्षीय हितों से संबंधित क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## भ्रष्टाचार केस में मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब दोषी

**पुत्रजय।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को शुक्रवार को अरबों डॉलर के 1एमडीबी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिया गया है। अभी वह जेल में बंद हैं। मलेशिया की हाईकोर्ट ने 72 वर्षीय नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के चार मामलों में दोषी पाया। नजीब ने पद पर रहते हुए 1एमडीबी कोष से छह हजार करोड़ रुपये अपने निजी बैंक खातों में स्थानांतरित किए थे। नजीब 2009 से 2018 तक मलेशिया के प्रधानमंत्री रहे थे।

## भारतीय मूल की ब्रिटिश नेता मंजुला सूद का निधन

**लंदन।** ब्रिटेन के लीसेस्टर में भारतीय मूल की प्रसिद्ध महिला नेता मंजुला सूद का 80 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। पंजाब के लुधियाना में जन्मी मंजुला सूद लीसेस्टर की पहली महिला हिंदू पार्षदों में से एक थीं। सामाज सेवा के लिए उन्हें दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा एमबीई सम्मान से दिया गया था। 1996 में पति पॉल सूद के निधन के बाद वे राजनीति आईं थीं।

## बालानंद शर्मा नेपाल के नए विदेश मंत्री बने

**काठमांडू।** नेपाल में सेवानिवृत सैन्य अधिकारी बालानंद शर्मा को शुक्रवार को विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन में लेफ्टिनेंट जनरल बालानंद शर्मा को पद की शपथ दिलाई। अब सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। नेपाली मीडिया के अनुसार, बालानंद शर्मा ने माओवादी लड़ाकों को नेपाल सेना में शामिल कराने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ट्रंप और जेलेंस्की रविवार को फ्लोरिडा में मिलेंगे

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा, वह रविवार को फ्लोरिडा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। जेलेंस्की ने पत्रकारों को बताया, दोनों नेता रविवार की वार्ता के दौरान यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करेंगे।

# बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन: हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया। इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए।

जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर



अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान ह्यआई एम हादीह्न जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई 2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी।

बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसंबर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था।


## पाकिस्तान ने LoC पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए

पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (PoK) में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने छङ्घउ पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटलीझ्रभिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद LoC के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता मजबूत करना है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**
1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुक्सान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरूर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 11 | | 55 | | 35 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 22 | | 50 | | 30 | = | 23 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 10 | | 2 | | 5 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 10 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 33 | | 14 | | 21 | = | 27 / 37 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| स्वा | मी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | णा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | स्वा | न | ष | प्र | म | डे | र | स्मा | सी | विं |
| दि | मी | य | रा | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| बे | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | ठ | घो |
| ठै | पू | सु | स्वा | व | पं. | सौ | ल | ट | गा | ष |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | बे | बे | जे. | न | र |
| जि | ल | च | त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 4 | | 3 | |
| 2 | 28 | | 33 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| | 31 | 2 | 31 | | 30 | 6 |
| | 1 | | 4 | | 5 | |

# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी, शीतलहर से गिरा पारा: रात का तापमान 10 डिग्री

# हरियाणा में कड़ाके की ठंड:पूरे प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट; सुबह कोहरे की चेतावनी,




## प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

(तापमान 26 दिसंबर का डिग्री सेल्सियस में है)

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 24.8 | 7.5 |
| भीलवाड़ा | 22.6 | 8.2 |
| वनस्थली (टोंक) | 24.6 | 5.4 |
| अलवर | 23.8 | 6 |
| जयपुर | 23.7 | 10.4 |
| पिलानी | 25 | 7 |
| सीकर | 24 | 7.5 |
| कोटा | 23 | 7.3 |
| चित्तौड़गढ़ | 27.2 | 8.8 |
| उदयपुर | 23.9 | 9.1 |
| बाड़मेर | 29 | 11.8 |
| जैसलमेर | 27.5 | 10 |
| जोधपुर | 27.8 | 10.6 |
| बीकानेर | 26 | 12 |
| चूरू | 24.7 | 6.4 |
| गंगानगर | 26.3 | 10.2 |
| नागौर | 25.7 | 6.6 |
| बारां | 23.1 | 5.2 |
| जालोर | 27.3 | 6.9 |
| सिरोही | 21.2 | 6.7 |
| फतेहपुर | 25.3 | 4.6 |
| करौली | 22.5 | 3.6 |
| दौसा | 25.8 | 5 |
| प्रतापगढ़ | 23.5 | 11.2 |
| झुंझुनूं | 23.4 | 7.3 |
| पाली | 27.6 | 5.2 |

# मप्र के 31 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम



## कोहरे ने रोकी राजधानी, मालवा-झेलम ट्रेनों की रफ्तार; डिंडौरी में विजिबिलिटी 10 मीटर

मध्यप्रदेश के 31 शहरों में भीषण सर्दी पड़ रही है। यहां न्यूनतम तापमान 10ट सेल्सियस से नीचे है। जिन जिलों में उत्तर से बर्फीली हवाएं आ रही हैं, वहां दिन का तापमान 25 डिग्री से नीचे चल रहा है। इधर, कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार भी रोक दी है। आज भी राजधानी, झेलम, मालवा जैसी ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। हिमालय के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) का असर खत्म हो गया है। इससे उत्तरी हवा एमपी में आ रही है। जिससे सर्दी बढ़ गई है। पचमढ़ी सबसे ठंडा है। यहां रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे चल रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की रात में पचमढ़ी में पारा 4.2 डिग्री पहुंच गया। इससे ओस की बूंदें भी जम गई। पचमढ़ी प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है।

### कोहरे की वजह से ट्रेनें लेट आ रहीं

शुक्रवार सुबह भोपाल, मंडला, रीवा, सतना, पचमढ़ी, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, अशोकनगर, झाबुआ, खंडवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शाजापुर, सीहोर समेत कई जिलों में कोहरे का असर रहा। इस वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर-उज्जैन की तरफ आने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी लेट हो गईं।

ऐसा ही असर शनिवार सुबह भी देखने को मिल रहा है। ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया हुआ है। कोहरे और ठंड की वजह से आम जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है। सुबह लोग अलाव जलाते हुए नजर आ रहे हैं।

हरियाणा में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग की ओर से आज ( 27 दिसंबर को) पूरे प्रदेश के लिए ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के कुछ इलाकों में गहरे कोहरे की संभावना भी जताई गई है। हालांकि दिन के समय धूप निकलने की उम्मीद है, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल सकती है। प्रदेश में सुबह के समय ठंड का असर अधिक देखने को मिल रहा है। खासतौर पर जीटी रोड से सटे जिलों में घना कोहरा छाने के कारण ठंड का डबल अटैक महसूस किया जा रहा है। वहीं दक्षिणी हरियाणा में सूखी ठंड पड़ रही है

राजस्थान में तेज सर्दी का दौर जारी है। करौली, पाली, फतेहपुर समेत कई शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ है। जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर समेत पूर्वी और उत्तरी राजस्थान के कई जिलों में सर्द हवा चली।

तेज सर्दी और हवा के कारण धूप में भी सर्दी से राहत नहीं मिली। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और इसी तरह की सर्दी रहने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के लगभग सभी शहरों में आसमान साफ रहा और दिन में धूप रही। शुक्रवार को सबसे ज्यादा ठंडा दिन सिरोही में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### उत्तर-पूर्वी राजस्थान में सर्द हवाओं का असर

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के असर से राज्य के उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिलों में सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। सबसे ज्यादा सर्दी करौली में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 4.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### 31 दिसंबर तक चलेगा शीतलहर

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में कोहरे के साथ-साथ शीत लहर भी चलेगी। जिसके कारण ठंड का असर लोगों को दिन में भी दिखाई देगा। हालांकि शीत लहर की वजह से दिन में कोहरा जल्दी छंट जाएगा। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष चौ. चरण सिंह के अनुसार, हरियाणा में 31 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील संभावित। इस दौरान 28 से 30 दिसंबर के बीच में ठंड और बढ़ने की संभावना है। लेकिन 31 दिसंबर के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से विशेषकर रात्रि तापमान में फिर से गिरावट संभावित।

# दो दिन राहत के बाद फिर दमघोंटू हुई हवा



**दो दिन की हल्की राहत के बाद राजधानी दिल्ली की हवा में एक बार फिर से प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर यानी बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया।**

महज बीते 24 घंटे में वायु गुणवत्ता सूचकांक में 98 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। चिंता की बात यह है कि दिल्ली के आनंद विहार और बवाना जैसे निगरानी केन्द्रों का सूचकांक शुक्रवार की शाम 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में ही रहेगी। दिल्ली के लोगों को इस बार जाड़े में सामान्य से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। हवा की गति एकदम मंद पड़ने के चलते बीते मंगलवार को प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी और वायु गुणवत्ता सूचकांक 412 के अंक पर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया था। लेकिन, बाद में मौसम में हल्का बदलाव हुआ और बुधवार और गुरुवार को सूचकांक 300 से नीचे यानी खराब श्रेणी में रहा। लेकिन, एक बार फिर से प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 332 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले गुरुवार को यह सूचकांक 234 के अंक पर रहा था। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में है, जबकि दो इलाकों का सूचकांक 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। मानकों से तीन गुना ज्यादा : दिल्ली की हवा में इस समय मानकों से तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। शुक्रवार शाम तीन बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का औसत स्तर 311.6 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 191 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी हवा में मानकों से तीन गुने से ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं।

### अभी राहत के आसार नहीं

दिल्ली की हवा में मौजूद प्रदूषण अभी पूरी तरह से साफ नहीं होने वाले। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच हवा की गति आमतौर पर दस किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहेगी। इसके चलते प्रदूषक कणों का विसर्जन भी धीमा होगा। हवा में प्रदूषण का स्तर लगातार बना रहेगा। अगले दो दिनों के बीच वायु गुणवत्ता का स्तर बहुत खराब श्रेणी में ही रहने का अनुमान है।

■ वर्ष-12 अंक-55 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 27 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥

**भावार्थ** : पुत्र का पांच वर्ष तक लालन करे। दस वर्ष तक ताड़न करे। सोलहवां वर्ष लग जाने पर उसके साथ मित्र के समान व्यवहार करना चाहिए।

## यात्रिकाणां सर्वाधिकं शिकायतां सूचनाव्यवस्था अस्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

बाधते इति विषये रेलमार्गेषु चर्चाः प्रचलन्ति। यात्रिकाणां सर्वाधिकं शिकायतां सूचनाव्यवस्था अस्ति, यत्र राष्ट्रियरेलजाँचप्रणाल्यां अद्यतनसूचनायाः, स्टेशनस्य घोषणानां च मध्ये विसंगतिः स्पष्टा भवति आगामिषु दिनेषु रेलवे अधिकानि रेलयानानि रद्दीकर्तुं योजनां करोति वा इति ज्ञातुं जनाः जिज्ञासुः सन्ति। इत्यादीनि हैशटैग्स् ट्विट्टरे ट्रेण्ड् भवन्ति, यात्रिकाः रेलमन्त्रीं प्रधानमन्त्रिकार्यालयं च टैग कृत्वा तत्कालं राहतस्य आग्रहं कुर्वन्ति। बिहार-उत्तर-प्रदेश-देशं गच्छन्तीनां प्रवासिनः कृते अयं समयः विशेषतया कठिनः अस्ति, ये वर्षान्ते अवकाशदिनानां कृते गृहं गन्तुं मासान् पूर्वमेव टिकटं बुकं कुर्वन्ति, परन्तु अधुना नीहारेन तेषां आशाः क्षीणाः अभवन् प्रशासनं वदति यत् सुरक्षायाः क्षतिः कर्तुं न शक्यते, नीहारेन संकेतान् अस्पष्टीकृत्य उच्चवेगेन रेलयानानां चालनं घातकं भवितुम् अर्हति इति।

किं जातैर्बहुभिः पुत्रैः शोकसन्तापकारकैः।
वरमेकः कुलावल्म्बो यत्र विश्राम्यते कुलम्॥

**भावार्थ** : शौक और सन्ताप उत्पन्न करने वाले अनेक पुत्रों के पैदा होने से क्या लाभ कुल को सहारा देनेवाले एक ही पुत्र श्रेठ है, जिसके सहारे सारा कुल विश्राम करता है।

## सम्पादकीयम्

### भारत-अमेरिका-योः द्विपक्षीयसम्बन्धाय

भारत-अमेरिका-योः मध्ये व्यापारसम्झौतेः कृते प्रचलति वार्तायां पीएम मोदी-अमेरिका-राष्ट्रपति-ट्रम्पयोः मध्ये सम्भाषणं द्विपक्षीयसम्बन्धानां सुदृढीकरणस्य चिह्नम् अस्ति। भारत-अमेरिका-देशयोः मध्ये व्यापारसम्झौतेः कृते प्रचलति वार्तायां पीएम नरेन्द्रमोदी-अमेरिका-राष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पयोः मध्ये वातालापः सकारात्मकः संकेतः अस्ति। एतत् दर्शयति यत् उभयदेशः द्विपक्षीयसम्बन्धेषु प्रतिबद्धौ स्तः, यथाशीघ्रं यत्किमपि बाधां दूरीकृत्य अग्रे गन्तुम् इच्छति। एकः उतार-चढावः सम्बन्धः व्यापारसौदानां विषये द्वयोः देशयोः मध्ये विभिन्नस्तरयोः वातानां अनेकाः दौराः अभवन्। अस्मिन् सप्ताहे व्यापारः, निवेशः, रक्षासहकार्यं च इत्यादीनां प्रमुखविषयाणां चर्चा अभवत्। मार्चमासे वार्ता आरब्धा ततः परं सम्बन्धे अनेके उतार-चढावः दृश्यन्ते। अस्मिन् काले अमेरिकादेशेन भारते ५०% शुल्कं आरोपितम्। अर्थव्यवस्थायाः कृते एषः प्रमुखः आघातः अस्ति चेदपि भारतेन आक्रोशं दर्शयितुं न अपितु दृढता, संयमः च दर्शितः। सर्वोत्तमप्रस्तावः - रूसीतैलक्रयणनिषेधस्य अन्येषां च अमेरिकीमागधानां प्रतिक्रियारूपेण भारतेन स्वनिर्णयेन स्वजनानाम् हितस्य रक्षणं भविष्यति इति उक्तम्। अमेरिकीव्यापारप्रतिनिधिः जेमिसन ग्री अपि अधुना स्वीकृतवान् यत् भारतेन अद्यावधि सर्वोत्तमः प्रस्तावः कृतः। अस्य अभावेऽपि शुल्कमाफीविषये वा सौदानां अन्तिमरूपेण निर्धारयितुं वा ट्रम्पप्रशासनात् कोऽपि संकेतः न प्राप्तः।

## हॉलीवुड्-चलच्चित्रे प्रायः वास्तविकतायाः अपेक्षया

# अवतार 3 इत्यस्मिन् गोविन्दस्य कैमियो-चित्रेषु सामाजिकमाध्यमेषु हलचलः उत्पन्नः




ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

हॉलीवुड्-चलच्चित्रे अवतार ३ इत्यस्मिन् गोविन्दस्य कैमियो-चित्रेषु सामाजिकमाध्यमेषु हलचलः उत्पन्नः अस्ति। सत्यं ज्ञातव्यम्। चलचित्रक्षेत्रे प्रायः वास्तविकतायाः अपेक्षया चलच्चित्रपटलस्य इव अधिकं प्रतीयमानाः वार्ताः उपरि आगच्छन्ति, २०२५ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बं-मासस्य २० दिनाङ्के शनिवासरे अपराह्णे सामाजिकमाध्यममञ्चेषु अपि एतादृशः परिदृश्यः प्रकटितः हॉलीवुड्-निर्देशकस्य जेम्स् कैमरन् इत्यस्य बहुप्रतीक्षितं चलच्चित्रं अवतारः फायर एण्ड् ऐश (अवतार ३) इति सिनेमागृहेषु प्रदर्शितमात्रेण ट्विट्टं-इण्टाग्राम-इत्यत्र च चित्राणि प्रसारयितुं आरब्धानि, येषु बालिवुड्-दिग्गजः गोविन्दः पाण्डोरा-नीलजगति नेविगेटं इति चित्रितः वर्षाणां पूर्वं अवतारं अङ्गीकृतवान् इति दावान् गोविन्दः अन्ततः स्वस्य चलच्चित्रे तस्य अभिनये सफलः अभवत् वा इति विषये चर्चाः शीघ्रमेव अन्तर्जालद्वारा प्रचलन्ति स्म एषा वार्ता प्रशंसकानां मध्ये अपारं जिज्ञासां जनयति, सर्वे ज्ञातुं उत्सुकाः सन्ति यत् हीरो नम्बं १ यथार्थतया स्वस्य विस्फोटकं हॉलीवुड्-पदार्पणं कृतवान् वा इति। एतेषु वायरल्-चित्रेषु पुरातन-विवादस्य साक्षात्कारस्य च स्मृतयः पुनः सजीवाः अभवन् यस्मिन् गोविन्दः निज-चैनेल्-इत्यत्र दावान् अकरोत् यत् जेम्स् कैमरन्-इत्यनेन प्रथमं चलच्चित्रं अवतार इति प्रस्तावितं तस्मिन् समये गोविन्दः अवदत् यत् सः चलच्चित्रं अङ्गीकृतवान् यतः तस्य सम्पूर्णशरीरस्य चित्रणं अप्रियं भवति तथा च सः ४१० दिवसान् यावत् शूटिंग कर्तुं न शक्नोति इति अनुभवति स्म अद्य यदा अवतार ३ इत्यस्य सिनेमागृहेभ्यः छायाचित्रं साझां भवति तथा नेटिजनाः विनोदेन लिखन्ति यत् अन्ततः गोविन्दः जेम्स् कैमरन् इत्यस्य प्रस्तावम् अङ्गीकृतवान् इति तथापि अस्य सनसनीभूतस्य दावस्य पृष्ठतः सत्यं अन्यत् किमपि अस्ति, प्रशंसकानां जिज्ञासां उत्तेजयति। निकटतया पत्रकारितायाः अन्वेषणेन ज्ञातं यत् सामाजिकमाध्यमेषु प्रसारिताः एते छायाचित्राः पूर्णतया नकलीः, फोटोशॉप् कृताः, अथवा उन्नत एआइ प्रौद्योगिक्याः उपयोगेन निर्मिताः सन्ति। गोविन्दस्य अवतारः फायर एण्ड् एश इत्यस्मिन् कोऽपि कैमियो नास्ति, न च तस्य नाम चलच्चित्रस्य श्रेयः अन्तर्भवति। तदपि जनजिज्ञासा एतावत् वर्धिता यत् जनाः अस्य दावस्य पुष्ट्यर्थं नाट्यगृहेषु अन्तः विध्वंसकान् अन्वेषयन्ति। केचन नेटिजनाः एतत् गोविन्दस्य बृहत्तमं पुनरागमनम् इति अपि लिखितवन्तः यदा वास्तविकतायाम् एषः केवलं केनचित् दुष्टव्यक्तिभिः अथवा सृजनात्मकप्रशंसकैः प्रसारितः डिजिटलभ्रमः एव जेम्स् कैमरन् इत्यस्य चलच्चित्रं भारते प्रथमदिने एव २० कोटिरूप्यकाणां मूल्येन उद्घाटितम्, परन्तु तस्मिन् भारतीयाः अभिनेतारः न दृश्यन्ते।

## नगरनिगमप्रशासनेन

### हेल्पलाइनसहितस्य सार्वजनिकविषयाणां समाधानविषये कठोरतरं रुखं

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

नगरनिगमप्रशासनेन सीएम हेल्पलाइनसहितस्य सार्वजनिकविषयाणां समाधानविषये कठोरतरं रुखं ग्रहीतुं आरब्धम् अस्ति। नगर आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने विभागीय कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के कारण संभाग संख्या 15 (सुहागी) के उप अभियंता राज नारायण सराफ के खिलाफ सख्त दण्डात्मक कार्रवाई की। सभायां अनुपस्थितिः महती सिद्धा सीएम हेल्पलाइन् इत्यत्र लम्बितशिकायतानां समीक्षायाः विषये एषः विषयः सम्बद्धः इति कथ्यते। नगरनिवासिनां समस्यानां शीघ्रं निराकरणं सुनिश्चित्य नगरपालिका आयुक्तः अहिरवारः उच्चस्तरीयसमीक्षासमागमं आहूतवान् आसीत्। उप-इञ्जिनीयर राज नारायण सराफ पूर्वसूचना वा वैध कारणं विना अस्याः निर्णायकसभायां अनुपस्थितः आसन्। आयुक्तः वरिष्ठाधिकारिणां निर्देशानां एतत् अवहेलनं, सर्वकारीयकार्यस्य प्रति एतत् गैरजिम्मेदारं दृष्टिकोणं च अतीव गम्भीरतापूर्वकं गृहीतवान्। अस्य अनुशासनहीनतायाः कार्यस्य तत्कालं संज्ञानं गृहीत्वा आयुक्तेन उप-इञ्जिनीयरात् एकं वार्षिकं वृद्धिं निरोधयितुं आदेशाः जारीकृताः। एषा कार्यवाही निगमस्य अन्येषु अधिकारिषु अपि हलचलं जनयति। प्रमादस्य प्रत्यक्षं कार्यवाही भविष्यति निगम आयुक्तः रामप्रकाश अहिरवारः स्पष्टतया उक्तवान् यत् सर्वकारीयप्राथमिकता सीएम हेल्पलाइन योजनायाः कार्यान्वयनस्य कोऽपि लापरवाही वा विलम्बः अक्षम्या अस्ति। सः सार्वजनिकविषयाणां समये समाधानं न केवलं सर्वकारीयकर्तव्यं अपितु नैतिकदायित्वमपि इति बोधयति स्म। आयुक्तेन कठोरनिर्देशाः जारीकृताः यत् भविष्ये यदि कोऽपि अधिकारी वा कर्मचारी वा स्वकर्तव्यनिर्वहणे प्रमादं कुर्वन् दृश्यते तर्हि तेषां विरुद्धं कठोरतरं कार्यवाही भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : प्यार के मामले में अगर कोई बात मन में है तो खुलकर कह दें, इससे रिश्ता हल्का और बेहतर होगा।

**वृषभ** : रिश्तों में एक-दूसरे को थोड़ा स्पेस देना जरूरी रहेगा, वरना छोटी बात पर मनमुटाव हो सकता है।

**मिथुन** : नए आइडिया सामने आ सकते हैं। प्यार में आज बातों से ही नजदीकी बढ़ेगी, लेकिन दिल की बात साफ रखें।

**कर्क** : पैसों के मामलों में आज किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। प्यार में धैर्य रखें और छोटी बातों को तूल न दें।

**सिंह** : आपकी बातों को अहमियत मिलेगी। प्यार में आज जोश रहेगा और रिश्ते में ताजगी महसूस होगी।

**कन्या** : आपकी मेहनत दिखेगी। रिश्तों में छोटी-छोटी जिम्मेदारियां निभाने से भरोसा बढ़ेगा। पैसों में खर्च और बचत दोनों पर ध्यान दें।

**तुला** : रिश्तों में सच बोलना जरूरी रहेगा, चाहे बात थोड़ी कड़वी ही क्यों न हो। दिखावे के खर्च से बचें।

**वृश्चिक** : प्यार में साफ और ईमानदार बात भरोसा बढ़ाएगी। अच्छी नींद और आराम से सेहत संभली रहेगी।

**धनु** : प्यार में खुलापन रहेगा और बात आगे बढ़ सकती है। पैसों में जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें।

**मकर** : रिश्तों में दिखावे के बजाय दिल से बात करें। पैसों में जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। सेहत के लिए आराम जरूरी रहेगा।

**कुंभ** : प्यार में दोस्ती वाली समझ रिश्ते को और गहरा करेगी। पैसों में अचानक खर्च से बचें। खुद को थोड़ा समय देना फायदेमंद रहेगा।

**मीन** : रिश्तों में सीमाएं साफ रखें, इससे गलतफहमी नहीं होगी। पैसों में सेविंग पर ध्यान दें।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि की राशि में मंगल की दस्तक, इन राशियों को नौकरी-बिजनेस में होगा धन लाभ

ज्योतिषियों के मुताबिक, जब मंगल अपनी स्वराशि मेष, वृश्चिक या उच्च राशि मकर में गोचर करते हैं, तो रूचक राजयोग का निर्माण होता है। यह शक्तिशाली योग जनवरी में बनने वाला है।

ज्योतिष में मंगल को ग्रहों का सेनापति कहा जाता है और वह वर्तमान में धनु राशि में विराजमान है। धनु के बाद मंगल साल 2026 की शुरूआत में ही शनि की राशि मकर में एंट्री करने वाले है। ज्योतिषियों के मुताबिक, जब मंगल अपनी स्वराशि मेष, वृश्चिक या उच्च राशि मकर में गोचर करते हैं, तो रूचक राजयोग का निर्माण होता है। यह शक्तिशाली योग जनवरी में बनने वाला है। दरअसल, 16 जनवरी 2026 को सुबह 4 बजकर 27 मिनट पर मंगल मकर राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में मंगल 23 फरवरी 2026 तक रहने वाले हैं।



ऐसे में यह अवधि कुछ राशि वालों के लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरी रहने वाली है। जातकों के आत्मविश्वास में वृद्धि, साहस, नेतृत्व क्षमता और उन्हें विरोधियों से राहत मिल सकता हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए मंगल का मकर राशि में गोचर चमत्कारी रहने वाला है। लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। आपका नौकरी में मान-सम्मान बढ़ने से लोगों पर भी प्रभाव बढ़ेगा। आर्थिक रूप से भी लाभ संभव है। हालांकि, मेष राशि वालों के जीवन में किसी खास की दस्तक भी संभव है। आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। समाज में मान-सम्मान में भी इजाफा होगा। मंगल के प्रभाव से लक्ष्य पूरा करने में कामयाबी हासिल होगी और करियर में सफल बनेंगे। नई आय के स्रोत खुलेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों की कार्यक्षमता में सुधार होगा और आप कोई वाहन खरीदने में सफल बनेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग भी बनेंगे। कर्क राशि वालों के लिए हालांकि, समय बदलावों से भरा हो सकता है, क्योंकि आपको मनचाहा ट्रांसफर मिल सकता है। समय-समय पर अचानक धन लाभ भी मिलने के योग है। घर में शुभ मांगलिक कार्यों के संयोग बनेंगे। रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे, जिसमें सफलता अवश्य मिलेगी।

**मकर राशि–** मकर राशि वालों के सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से आपकी क्षमता बेहतर होगी। भाग्य का पूर्ण सहयोग आपको प्राप्त होगा। विदेश यात्रा या उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। वाहन, संपत्ति या नया घर खरीदने के योग बनेंगे। लंबे समय से चली आ रही रुकावटें दूर होंगी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति भी संभव है। व्यक्तिगत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति संभव है। मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

## खबर एक नजर...

### रेलवे स्टेशन के ब्रिज से कूदे उड़ीसा के यात्री की मौत

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर उड़ीसा का एक युवक रेलवे के ब्रिज पर चढ़कर नीचे कूद गया। रेलवे की बिजली लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। प्लेटफार्म नंबर 6 पर नागदा की ओर स्थित ओवर ब्रिज से युवक ने नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान वह रेलवे लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया और फेंका गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास मिले मोबाइल के आधार पर उसकी शिकायत सीतारमण निवासी उड़ीसा के रूप में हुई। वह पिछले चार-पांच दिनों से घर से निकला था परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे तथा वह घर से बिना बताए निकला था। उज्जैन कैसे पहुंचा इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं पता चली है। जानकारी मिलते ही परिजन उड़ीसा से रवाना हो गए थे। इधर शुक्रवार सुबह प्लेटफार्म नंबर चार पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसका शव बरामद कर अस्पताल भिजवाया गया तथा पुलिस मृतक की शिनाख्ती के प्रयास कर रही है।

### कॉलेज जाने का बोलकर घर से निकली युवती को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**उज्जैन।** एक युवती कॉलेज जाने का बोलकर घर से निकली और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने देवास गेट थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी थी और पुलिस ने शुक्रवार को युवती को सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया है परिजनों ने पुलिस की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की है। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे के लगभग घर से कालेज जाने का बोलकर एक युवती निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं पहुंची। परिजनों ने चिंता जताते हुए उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने देवास गेट थाने पहुंचकर युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद युवती की खोज शुरू कर दी थी और पुलिस को कुछ दिनों में ही सफलता हासिल हो गई और पुलिस ने गुम हुई युवती को ढूंढ निकाला और सही सलामत उसे परिजनों को सौंपा है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की परिजनों द्वारा सराहना की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 238-3 | 200-2 |
| मेन बाजार | 670-3 | 450-9 |
| मिलन डे | 357-5 | 269-7 |
| मिलन नाइट | 577-9 | 124-7 |

3 4 9

### प्रारंभिक जांच में सामने आया, 3 कैदियों ने योजनाबद्ध तरीके से तोड़ी जेल...

# चाबी देने वाला गेट प्रहरी, प्रभारी जेलर सहित 3 निलंबित

## सामान रखने के बहाने प्रहरी से महिला सेल की चाबी ली और अंदर रखी सिढ़ी को फरार होने में उपयोग किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रतलाम सर्किल की खाचरौद उप जेल से गुरूवार शाम फरार होने वाले हत्या,बलात्कार एवं अपहरण के तीनों कैदियों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। मामले में प्रारंभिक जांच के बाद गेट प्रहरी रितेश कटारा,प्रभारी जेलर नवीन नेमा,सहित सहायक जेल अधीक्षक मनोज चौत्रऋषिया को निलंबित किया गया है। जेल में लगे 8 सीसी टीवी कैमरा में से 4 बंद मिले हैं। जांच में किसी जेल कर्मी का व्यक्तिगत सहयोग अभी सामने नहीं आया है। जेल ब्रेक के इस घटनाक्रम पर जेल महानिरीक्षक वरूण कपूर शुक्रवार अपरांह खाचरौद पहुंचे हैं।

सेंट्रल जेल अधीक्षक उज्जैन मनोज साहु के अनुसार तीनों ही विचाराधीन कैदी बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट का आरोपीनारायण पिता भेरुलाल जाट 31 वर्ष निवासी ग्राम चंदवासला थाना भाटपचलाना, हत्या का आरोपी गोविंद पिता आसाराम 35 वर्ष निवासी जवाहर मार्ग शर्मा जी की गली थाना नागदा एवं अपहरण एवं बलात्कार का आरोपी गोपाल पिता बापू लाल 22 वर्ष निवासी मालाखेड़ी थाना खाचरोद योजनाबद्ध रूप से फरार हुए हैं।

### ऐसे दिया प्रहरी को झांसा

उन्हें जेल के अष्टकोण में साफ-सफाई एवं पुताई के काम में लगाया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अष्टकोण के तहत महिला खंड बंद रहता है और सामान रखने में उसका उपयोग किया जा रहा है। पुताई के बाद सामान रखने के लिए तीनों ने गेट प्रहरी रितेश कटारा से महिला खंड की चाबी ली थी। इस खंड में सामान रखने के साथ ही करीब 15 फीट की ही सिढी भी रखी हुई थी। इसी को सहारा बनाकर तीनों जेल की दीवार फांद गए।

### 8 में से 4 कैमरा बंद मिले

श्री साहू के अनुसार जेल में 8 सीसी टीवी कैमरा लगे हुए हैं जिनमें से 4 तकनीकी रूप से कमी के कारण बंद पडे हैं। अन्य 4 चालू कैमरा में तीनों कैदी रेकार्ड हुए हैं। तकनीकी कमी के रूप में किसी कैमरा में केबल नहीं है तो कहीं वह कैमरा से अटैच नहीं है।






### जेल से फरार कैदी बुरानाबाद रोड तक जाते दिखे

थाना प्रभारी खाचरौद धनसिंह नलवाया ने बताया कि जेल के सी सी टीवी फूटेज में सामने आया कि विचाराधीन तीनों कैदी बुरानाबाद रोड की तरफ जाते हुए दिखाई दिए हैं। रोड की और काफी लंबे क्षेत्र में तलाशी के बाद भी सीसी टीवी कैमरा नहीं मिले हैं। इनमें से एक कैदी खाचरौद,एक भाटपचलाना एवं एक नागदा थाना क्षेत्र का है। ऐसे में गुरूवार रात पुलिस दल ने तीनों ही कैदियों के घरों एवं उनके रिश्तेदारों के यहां दबिश दी लेकिन तीनों का कोई सुराग नहीं लगा है। तीनों ही स्थानीय होने से क्षेत्र से पुरी तरह वाकिफ हैं। यही कारण है कि वे प्रमुख स्थलों के सीसी टीवी कैमरा में भी नहीं आए हैं और उससे बचकर ही निकले हैं। पुलिस का मुखबिर तंत्र भी पुरी तरह से लगाया गया है। स्थानीय स्तर पर उनके सहयोगियों और साथियों की तलाश एवं जांच भी की जा रही है ? जिनका सहयोग उन्हें मिलने जैसी स्थिति पूर्व में रही है।





- **25 के स्थान पर 11-12 का स्टाफ-** उप जेल में सब जेलर नवीन नेमा सहित मात्र 11-12 का ही स्टाफ है जबकि यहां स्वीकृत 25 का स्टाफ है।
- **रतलाम सर्किल में है खाचरौद उपजेल-** खाचरौद उपजेल का जिला उज्जैन है लेकिन यह जेल विभाग के रतलाम सर्किल के अंतर्गत आता है। इस सर्किल के अंतर्गत कुल 10 उप जेल एवं जेल आती है। सर्किल अधीक्षक रतलाम केंद्रीय जेल अधीक्षक के अंतर्गत है।
- **पुलिस को एफआईआर का पत्र दिया-** बकौल श्री साहु खाचरौद थाना पुलिस को हमारी और से एफ आई आर के लिए पत्र दे दिया गया है।पुलिस इस आधार पर तीनों ही कैदियों के विरूद्ध जेल अधिनियम के साथ बीएनएस की धाराओं में जेल तोडने के अपराध में प्रकरण दर्ज करेगी।
- **जेल डीजी वरूण कपुर पहुंचे खाचरौद-** शुक्रवार अपरांह में जेल डीजी वरूण कपुर भी घटनास्थल उपजेल खाचरोद पहुंचे थे और उन्होंने यहां कैदियों के फरार होने के स्थल महिला खंड का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारियों से घटनाक्रम की संपूर्ण जानकारी ली है। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा की।
- **सहायक अधीक्षक जेल सहित 3 निलंबित-** डीजी जेल वरूण कपूर ने अपने दौरे के बाद गेट प्रहरी रितेश कटारा, प्रभारी जेलर खाचरौद नवीन नेमा के साथ नीमच के सहायक अधीक्षक जेल मनोज चौत्रऋषिया को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। श्री चौत्रऋषिया को नीमच से खाचरौद अटैच करने के आदेश पूर्व में ही जारी हो चुके थे और उन्हें तत्काल आदेश पालन का कहा गया था लेकिन उन्होंने घटना दिनांक तक ज्वाईन नहीं किया था। इसके चलते उन्हें भी दोषी माना गया है।

### पावर लूम कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शुक्रवार सुबह सेंटपाल स्कूल के समीप राजीव नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब उसके पुत्र ने कमरे में जाकर देखा तो अंदर पिता की लाश पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाया है तथा पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। बताया जाता है मृतक पावरलूम में कार्य करता था और पिछले कुछ दिनों से वह तनाव में चल रहा था। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि सेंटपॉल स्कूल के समीप राजीव नगर में रहने वाले सतीश पिता मानसिंह नरवरिया उम्र 50 वर्ष जो की पावर लूम में कार्य करता था । शुक्रवार सुबह उठकर सतीश ने नल से घर का पानी भरा और इसके बाद अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब सतीश का पुत्र आर्यन कमरे में पहुंचा तो अंदर पिता की लाश फंदे पर लटकी मिली। चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल लाया गया। मृतक के पुत्र आर्यन ने बताया कि उसके पिता पावर लूम कर्मचारी थे और पिछले पांच-छह दिनों से तनाव में चल रहे थे। इस कारण वह नशा भी अधिक कर रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा पुलिस परिजनों के बयान लेकर आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

### भजन की आवाज कम करने को लेकर भड़का था विवाद

# अल्पाइन कॉलेज में विवाद के बाद छात्रों में हुई मारपीट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



**स्थिति को संभालने के लिए दो थानों की पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा**

शुक्रवार को देवास रोड स्थित अल्पाइन कॉलेज में मोबाइल पर बज रहे भजन की आवाज को कम करने की बात को लेकर दो छात्रों के बीच विवाद हो गया और बाद में दोनों छात्रों के गुट आमने-सामने हो गए और नोबत मारपीट तक पहुंच गई।

माधव नगर सहित दो थानों की पुलिस ने मोर्चा संभालकर स्थिति को नियंत्रण में किया। इधर एक पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बी फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र मोहित ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह वह कॉलेज की बस से आ रहा था। इस दौरान बस में वह अपने मोबाइल पर भजन चला रहा था तभी बैठे एक अन्य छात्र हसन अली ने उसे आवाज कम करने को कहा जिस पर मोहित ने तुरंत आवाज कम कर दी।

मोहित ने आगे बताया कि कॉलेज पहुंचने के बाद हसन अली अपने साथियों सोहेल, रेहान मंसूरी, मोहम्मद मोइस, सूफियान और शरबर के साथ उसकी क्लास में पहुंचा और इन सभी ने मोहित के साथ गाली गलौज कर उसे धमकाया। कॉलेज की मैडम ने छात्रों को समझकर वहां से रवाना किया। कुछ देर बाद लंच के समय मोहित को उसके दोस्त ने बताया कि रेहान और सोहेल उसे कैंटीन में बुला रहे हैं। मोहित अपने दोस्तों आदित्य राज सिंह, विनयपाल सिंह, विजय गौड़, कमलेश सूर्यवंशी, विश्वराज सिंह के साथ कैंटीन पहुंचा वहां सोहेल खान, रेहान मंसूरी, मोहम्मद मोइस, महफूज बेग, सुफियान , शरबर, केशव गोस्वामी, हसन अली और उसके अन्य साथी मौजूद थे। मोहित ने आरोप लगाए की सोहेल और रेहान के हाथों में डंडे व पाइप थे। उन्होंने मोहित और उसके दोस्तों के साथ गाली गलौज की। सोहेल और रेहान ने मोहित को डंडे और थप्पड़ व मुक्कों से पीटा। इस घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। भजन सुनने को लेकर विवाद हुआ था। फिलहाल दोनों पक्षों को शांत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही मोहित के पिता मुकेश सिंह ने बताया कि कॉलेज से उन्हें सूचना मिली कि उनके बेटे पर हमला हुआ है। उन्होंने कालेज प्रशासन से मांग की है कि दोषी छात्रों को कॉलेज से निष्कासित किया जाए।

### एबीवीपी ने मौके पर पहुंचकर किया प्रदर्शन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महामंत्री सिद्धार्थ यादव ने बताया कि भजन सुनने और उसकी आवाज कम करने की बात को लेकर हुए विवाद की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता भी मौके पर पहुंच गए और आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। अविराज सिंह को बाहर लोगों ने मिलकर पीटा। छात्र को तुरंत निष्कासित किया जाए। दो लोगों के साथ मारपीट की गई है। इधर अल्पाइन कॉलेज के निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि फामेर्सी विभाग के कुछ छात्रों के बीच कैंटीन में विवाद हुआ। बाद में कुछ संगठनों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई जिस पर कॉलेज प्रबंधन ने नियम अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है इस संबंध में थाने में भी आवेदन दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com